रोहतक
शनिवार, 26 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 176
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00



मौसम
अधि. 38.6
न्यून. 25.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



कारगिल विजय दिवस आज

सीईटी आज और कल, सभी तैयारियां पूरी, हाईकोर्ट ने दिया छात्रों को बड़ा झटका

# 170 अभ्यर्थियों को जारी होंगे प्रोविजनल एडमिट कार्ड, 21000 से अधिक नहीं दे पाएंगे परीक्षा

**हाईकोर्ट ने कहा- जो याचिकाकर्ता पहुंचे उन्हें ही परीक्षा में बैठने की अनुमति देंगे**

**अभ्यर्थियों ने सभी दस्तावेज अपलोड किए, फीस भी भरी, फिर परीक्षा से वंचित क्यों**

**एचएसएससी ने कहा-सभी को पहले ही बताया था, एफिडेविट भरना जरूरी**

**आयोग का साइट में गड़बड़ी से इनकार**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा शनिवार और रविवार को 1300 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जा रही है। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों को दिक्कत न हो इसके लिए हर जिले में बसें लगा दी गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। इस बीच, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भी अभ्यर्थियों की याचिका पर अपना फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने याचिका दायर करने वाले करीब 170 याचिकाकर्ताओं को ही प्रोविजनल तौर पर परीक्षा में शामिल होने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा कि जो भी उम्मीदवार कोर्ट पहुंचे थे, उन्हें ही 26-27 जुलाई को परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाएगा। अदालत के इस फैसले के बाद एडमिट कार्ड डाउनलोड न कर पाने वाले 21,684 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) और राज्य सरकार से तीखे सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि जब अभ्यर्थियों ने सभी दस्तावेज अपलोड कर दिए, फीस भी भर दी और एफिडेविट का प्रिंट भी मिल गया, तो उन्हें परीक्षा से क्यों वंचित किया गया? कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आज की सुनवाई केवल एडमिट कार्ड से जुड़े मुद्दे पर सीमित रहेगी, जबकि अन्य मामलों की सुनवाई अगली तारीख पर की जाएगी।



## एचएसएससी ने हाईकोर्ट में दिया जवाब

एचएसएससी ने हाईकोर्ट में कहा कि सरकार की ओर से कहा गया है कि अभ्यर्थियों ने एफिडेविट प्रिंट फाइनल तौर पर यदि अपलोड नहीं किया तो इसे अधूरा माना जाएगा, यह पहले ही बता दिया गया था। सभी दस्तावेज देने, फॉर्म भरने व फीस देने के बाद एफिडेविट भरना अनिवार्य है। इसके बाद फॉर्म पूरा माना जाएगा। एफिडेविट के बाद अभ्यर्थियों को इसे साइन करके अपलोड करना था, लेकिन जिन अभ्यर्थियों ने पूरा नहीं किया इसे अधूरा माना है। एचएसएससी ने अपने जवाब में मैगना कार्टा सिलेक्शन प्रोसेस का भी उदाहरण दिया है। जिसके अनुसार टर्म एंड कंडीशन पूरी न करने और अधूरे फार्म होने के चलते संबधित अभ्यर्थियों को रिलीफ नहीं दिया जाना चाहिए। एचएसएससी ने साइट में गड़बड़ी की बात को नकारते हुए कहा कि साइट में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। एफिडेविट में दिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या 21854 हैं, जिन्हें एडमिट कार्ड नहीं दिया है। अपने एफिडेविट में एचएसएससी ने कहा है कि 15,23,787 अभ्यर्थियों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है। 13,70,551 अभ्यर्थियों ने फीस भरी। जिसमें 13,48,697 उम्मीदवारों ने एक्नॉलेजमेंट भरा है, इसलिए एक्नॉलेजमेंट भरने वाले बच्चों को एडमिट कार्ड जारी किए गए।

### आम जनता सीईटी के लिए चलने वाली बसों में यात्रा कर सकेगी : विज

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि 26-27 जुलाई को सीईटी के लिए संचालित की जाने वाली बसों में आम जनता को यात्रा करने की अनुमति होगी। विज के सुझाव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी स्वीकार कर लिया है। हरियाणा में 27 जुलाई को तीज का त्यौहार मनाया जाएगा, जिस दिन कई लोग अपने परिवारों के साथ राज्य भर में यात्रा करते हैं। विज ने कहा कि आम जनता के लिए सुचारू, निर्बाध और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन सेवाएं सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## रेलवे ने 9 स्पेशल ट्रेनें चलाईं, केंद्रों पर गर्भवतियों को मेडिकल सुविधा

प्रदेश में शनिवार और रविवार को होने वाले सीईटी एग्जाम के लिए रेलवे ने 9 स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। सभी जिलों के बस स्टैंड पर बसें पहुंच गई हैं। इसी बीच हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। ग्रुप-सी की सरकारी नौकरी के लिए यह परीक्षा 3 साल बाद दूसरी बार हो रही है। इससे पहले 2022 में ग्रुप-सी और डी की नौकरी के लिए सीईटी कराया गया था। इस बार एग्जाम 26 और 27 जुलाई को 2-2 शिफ्टों में होगा। सीईटी के लिए 1300 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश के सभी स्कूलों में 2 दिन की छुट्टी रहेगी। इसके लिए 13.48 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए जिलों में सरकारी बस और एग्जाम सेंटर तक ले जाने के लिए शटल बस सर्विस की व्यवस्था की गई है।

**स्कूलों में छुट्टी, 200 केंद्रों-कोचिंग सेंटरों पर सरकार की नजर**

### यह भी सुविधा मिलेगी

- गर्भवती महिलाओं व मेडिकल समस्या वाले आवेदकों को कोई तकलीफ होने पर परीक्षा केंद्र में मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
- महिलाएं मंगल सूत्र पहनकर जा सकेंगी। चूंकि 27 जुलाई को हरियाली तीज है, इसलिए यह फैसला लिया गया है।
- सिख धर्म से जुड़े परीक्षार्थी अपने धार्मिक चिन्ह भी ले जा सकेंगे।
- 16,261 अभ्यर्थियों ने अभी तक अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किया है। कमीशन ने सभी को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर रिमाइंडर मैसेज भेजा है।

**करीब 200 केंद्र संवेदनशील :** गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि खुफिया विभाग के मुताबिक 150 से 200 सेंसेटिव सेंटर चिह्नित किए गए हैं। पेपर लीक के लिहाज से कुछ संदिग्ध लोगों की लिस्ट बनाई है, इन पर नजर रखी जाएगी।

# राजस्थान में स्कूल की इमारत गिरी सात बच्चों की जान गई, 28 घायल

## 5 टीचर सस्पेंड, शिक्षा मंत्री बोले-जिम्मेदार तो मैं ही हूं

भाषा ▶▶| झालावाड़

राजस्थान के झालावाड़ में शुक्रवार को सरकारी स्कूल की इमारत गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 28 घायल हो गए। यह घटना मनोहरथाना ब्लॉक के पीपलोदी सरकारी स्कूल में हुई। बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे तभी छठी और सातवीं कक्षा के कमरे छत गिर की गई। इसमें लगभग 35 बच्चे दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह 7.45 बजे इस त्रासदी की सूचना मिली। एक छात्रा ने बताया- छत गिरने से पहले कंकड़ गिर रहे थे, बच्चों ने टीचर्स को बताया, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया।



**एक छात्रा बोली- पहले कंकड़ गिरे, शिक्षकों ने नहीं दिया ध्यान राष्ट्रपति, पीएम और मुख्यमंत्री ने दुःख प्रकट किया**

### ग्रामीणों ने मलबे से बच्चों को निकाला

ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा।

### उच्चस्तरीय जांच के आदेश

इस मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल की हेड मास्टर समेत 5 टीचर को सस्पेंड कर दिया है। घटना की जिम्मेदारी के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जिम्मेदार तो मैं ही हूं। मामले की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

अश्लील सामग्री परोसने के मामले में कार्रवाई

## अल्ट, उल्लू समेत 25 ओटीटी एप पर प्रतिबंध

- आम जनता ने दी शिकायत
- केंद्र सरकार की चेतावनी पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रकाशित न करें मंच

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अश्लील, अभद्र व कुछ मामलों में पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित करने के कारण उल्लू, अल्ट और देसीफ्लिक्स सहित 25 ओटीटी मंचों की वेबसाइटों और एप को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न कानूनों का उल्लंघन करते पाए गए विभिन्न एप में अल्ट, उल्लू, बिग शॉट्स एप, डेसिफ्लिक्स, बूमेक्स, नवरस लाइट, गुलाब, कंगन, बुल, जलवा, शोहिट, वाउ एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनेओ, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल एप आदि शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गृह, महिला एवं बाल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और विधि मंत्रालयों, उद्योग निकायों फिक्की और सीआईआई तथा महिला एवं बाल अधिकार क्षेत्र के विशेषज्ञों के परामर्श से यह कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### जम्मू में लैंडमाइन ब्लास्ट में अग्निवीर की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक लैंडमाइन धमाका हुआ। इस धमाके में अग्निवीर ललित कुमार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए। यह घटना कृष्णा घाटी इलाके में एरिया डॉमिनेशन पेट्रोलिंग के दौरान हुई। सेना ने बताया कि घायलों में एक जेसीओ भी शामिल हैं। दोनों को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। एजेंसी

### उमा कांजीलाल इग्नू की प्रथम महिला कुलपति बनीं

**नई दिल्ली।** उमा कांजीलाल को इग्नू का कुलपति नियुक्त किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की स्थापना के चार दशक बाद पहली बार किसी महिला को कुलपति बनाया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाषा



निजी अस्पताल चलाता था भाजपा नेता का बेटा डॉ. विकास

## जींद में डॉक्टर की चाकू से गोदकर हत्या, दो घायल

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** सफीदों के रामपुरा रोड पर बदमाशों ने भाजपा नेता के बेटे एवं निजी अस्पताल संचालक डॉ. विकास की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य चिकित्सक व हैफेड निरीक्षक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात फोरच्यूनर गाड़ी सवार बदमाशों ने चाकू से तीनों पर हमला कर दिया। सफीदों के खानसर चौक पर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल संचालक गांव मुआना निवासी डॉ. विकास (30), लीलावती अस्पताल संचालक गांव गोली निवासी डॉ. अनिल, सफीदों हैफेड में निरीक्षक सिंघाना निवासी हैप्पी उर्फ यशपाल असंध से सफीदों लौट रहे थे। तभी रामपुरा रोड पर बदमाशों ने उन पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को सफीदों के लीलावती अस्पताल लाया गया, जिसके बाद तीनों को पानीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉ. विकास की मौत हो गई।



**सफीदों के रामपुरा रोड पर फोरच्यूनर गाड़ी सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

### पिता ने यह दी शिकायत

डॉ. विकास के पिता गांव मुआना निवासी भाजपा नेता शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके बेटे विकास की हत्या साजिश के तहत हुई है। विकास को डॉ. अनिल साथ ले गया था। गाड़ी में अनिल का साढू यशपाल भी था। रामपुरा रोड पर कुछ बदमाशों ने विकास की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी, जबकि डॉ. अनिल व यशपाल गंभीर घायल तक नहीं हुए। उसने आरोप लगाया कि डा. अनिल, यशपाल ने कुछ लोगों के साथ मिल कर उसके बेटे की हत्या की साजिश रची है।

### हम मामले की जांच कर रहे : पुलिस

शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिव कुमार की शिकायत पर डॉ. अनिल, यशपाल को नामजद कर सात-आठ अन्य पर हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना सफीदों प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि जांच के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

## जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा

**संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी**
**राज्यसभा में विपक्षी दलों का नोटिस स्वीकार नहीं किया**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भ्रष्टाचार के मामले में आरोप का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष का एक संयुक्त प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा, क्योंकि राज्यसभा में इसी तरह के प्रस्ताव के लिए विपक्षी दलों का नोटिस विचारार्थ स्वीकार नहीं किया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मामले में, एकजुट होकर आगे बढ़ने का सभी राजनीतिक दलों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा इस प्रस्ताव पर विचार करेगी, जिस पर सत्तारूढ़ गठबंधन (राजग) और विपक्ष के 152 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

मालदीव पहुंचे पीएम मोदी का भव्य स्वागत, गार्ड ऑफ ऑनर व 21 तोपों की सलामी दी

## मालदीव को 4850 करोड़ की ऋण सुविधा देगा भारत, एफटीए पर भी होगी बातचीत

**मोदी बोले-दोनों देश रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे**

**माले (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत को इस द्वीपीय राष्ट्र का सबसे भरोसेमंद मित्र होने पर गर्व है। मोदी ने यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ वार्ता के बाद की, जिसमें व्यापार, रक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया। मोदी ने कहा, दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए भी वार्ता शुरू होगी। मालदीव भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत ने मालदीव को 56.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,850 करोड़ रुपये) की ऋण सुविधा देने का फैसला किया है।

### गर्मजोशी से स्वागत, डाक टिकट जारी किया



मोदी शुक्रवार सुबह माले पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुइज्जू और उनके शीर्ष मंत्रियों ने वेलेना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पीएम का स्वागत किया। उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। 21 तोपों की सलामी दी गई। दोनों देशों के डिप्लोमैटिक संबंधों के 60 साल पूरे पर स्मारक डाक टिकट जारी किया। इसके साथ मालदीव में 6 कम्युनिटी डेवलपमेंट परियोजनाओं को शुरू किया गया।

### आठ समझौते हुए

दोनों देशों के बीच 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत द्वारा वित्तपोषित एलओसी पर मालदीव के वार्षिक ऋण पुनर्भुगतान दायित्वों को कम करने के लिए संशोधनात्मक समझौता हुआ। जिसमें मालदीव का वार्षिक ऋण पुनर्भुगतान में 40 फीसदी (51 मिलियन डॉलर से 29 मिलियन डॉलर) घटेगा। अन्य समझौतों में फिशरीज एंड एक्वाकल्चर, डिजिटल समाधान साझा करने, भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता देने के लिए, एनपीसीआईएल और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण के बीच नेटवर्क-टू-नेटवर्क एग्रीमेंट हुआ है।



## खबर संक्षेप



### औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन पर चल रहा काम : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना पर आगे बढ़ाते हुए हरियाणा में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने की नीति पर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। हरियाणा सरकार उद्योग आधारित नीतिगत ढांचे को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे प्रदेश में आर्थिक प्रगति, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सुगम व्यापार का वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।
राव नरबीर सिंह शुक्रवार को गुरुग्राम में हरियाणा फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइसेज निर्माण नीति, 2025 और हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स वेस्ट रीसाइक्लिंग नीति, 2025 के ड्राफ्ट पर संबंधित क्षेत्रों के हितधारकों के साथ परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री सैनी ने वीरेंद्र के भतीजे के निधन पर शोक जताया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत पहुंच कर अपने ओएसडी श्री वीरेंद्र बढ़खालसा के भतीजे एवं श्री जयदेव दहिया के सुपुत्र प्रीत दहिया (आयु 22 वर्ष) के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रीत दहिया का निधन एक दुःखद सड़क दुर्घटना में हुआ, जो न केवल उनके परिवार बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षति है। नायब सिंह सैनी ने शोक-संतप्त परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रीत एक होनहार लड़का था।

# जन विश्वास विधेयक करेगा 'विश्वास' की पहल, विस सत्र की तैयारी शुरू

## पुराने ढंग से जुर्माना और सजा पर कसेगी लगाम, व्यापारियों को मिलेगी राहत

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा मंत्री समूह की एक अगस्त को होने वाली बैठक में विधानसभा मानसून सत्र की तारीखों पर मुहर लगने की पूरी संभावना है। सूबे की नायब सैनी सरकार के अफसर इस बार भी कई संशोधन विधेयक और अन्य विधेयक लाने के लिए होमवर्क में जुटे हैं। इसी में एक जन विश्वास विधेयक लाने की तैयारी है क्योंकि यह लोकसभा और राज्यसभा में लाया जा चुका है। जिसमें खासतौर पर व्यापारी वर्ग को राहत देने की तैयारी है, छोटे-छोटे जुर्म में लंबी सिरदर्दी व कानूनी पचड़ा नहीं होगा बल्कि इन्हें समाप्त करने की तैयारी है। बता दें कि जनविश्वास विधेयक 27 जुलाई, 2023 को लोस साथ ही 2 अगस्त, 2023 को रास में पारित हो चुका है। छोटे-छोटे अपराधों के मामले में आरोपितों को राहत देने के लिए यह लाया जा रहा है। इसके आने के बाद में निवेश के लिए माहौल को बढ़ावा देने व्यापार अनुकूल बनाने की तैयारी है।

### व्यापारी वर्ग के लिए अभी भी सिरदर्दी

अहम बात यह है कि अभी भी व्यापार करना कोई आसान काम नहीं है, बल्कि कई नियमों का पालन करना आवश्यक है, जिनका उल्लंघन होने पर जुर्माना और कई मामलों में जेल तक की हवा खानी होती है। गौर करें, तो देश में कुल 1,536 कानून हैं, जिसमें 70,000 प्रावधान शामिल हैं। अधिकांश नियम सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी के उद्यमों (एमएसएमई सेक्टर) को आगे बढ़ने में बाधा बने हुए हैं। जन विश्वास विधेयक का मुख्य लक्ष्य इन व्यवस्थाओं की उलझनों को कम करना और पुराने नियमों में सकारात्मक बदलाव करना है।

### कड़े नियमों का दबाव

जनविश्वास विधेयक के माध्यम से कड़े नियमों में कमी लाना है, ताकि लोगों का डर कम किया जा सके। कई लोग छोटे-छोटे अपराधों के कारण जेल की सजा और जुर्माने से भयभीत रहते हैं। विधेयक में बदलाव होने से व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा साथ साथ में जीवन यापन में आसानी होगी। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने राज्य के 37 विभागों के 230 अधिनियमों की समीक्षा शुरू कर दी है।

### एक अगस्त को बुलाई मंत्री समूह की बैठक

मुख्यमंत्री ने एक अगस्त को मंत्री समूह की बैठक बुलाई है, यह सिविल सचिवालय में सुबह 11 बजे होगी। मानसून सत्र की तारीखों का एलान करने की प्रबल संभावना है। मानसून सत्र अगस्त के अंतिम और तीसरे सप्ताह में शुरू हो सकता है। बिजली की दरें बढ़ने और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश करेगा। इस दौरान एचकेआरएन के तहत लगे पांच साल पुराने कच्चे कर्मचारियों की नौकरी सेवानिवृत्ति आयु तक सुरक्षित करने के लिए मानक संचालन प्रणाली (एसओपी) और लाडो योजना पर भी मुहर लग सकती है।

### आने वाले वक्त में उल्लंघन पर ये होगा

आने वाले वक्त में कानून का उल्लंघन होता है, तो पहले जांच होगी बाद में समन जारी किए जाएंगे। जुर्माने की राशि को हर तीन साल में एक बार बढ़ाया जाएगा। वनों में अतिक्रमण, लकड़ी काटना और मवेशियों के वन एवं खेतों में घुसने पर पहले छह माह की सजा का प्रावधान था, जो अब केवल 500 के जुर्माने में परिवर्तित किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत तीन साल की सजा प्रावधान समाप्त कर जुर्माने की राशि को केवल पांच लाख तक सीमित किया जाएगा। वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत छह साल की सजा का प्रावधान समाप्त किया जाएगा। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत पांच साल की जेल का प्रविधान समाप्त होगा और जुर्माने की राशि को एक लाख से 15 लाख तक किया जा सकेगा।

# शाह से मिले सीएम सैनी, कई विषयों पर चर्चा, प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में एक बड़े कार्यक्रम के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात के उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान केशाऊ बांध सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर



केंद्रीय मंत्री अमित शाह से विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा, राज्य में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए गति से कार्य किया है।

### अफसरों को निर्देश

मुख्यमंत्री ने बताया कि सीईटी परीक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को लाखों की संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस में शीघ्र ही कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए भी अधिकारियों को सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राहत : फिलहाल कलेक्टर रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

एक अगस्त नए कलेक्टर रेट लागू करने का फैसला फिलहाल, लागू नहीं होगा अर्थात रेट बढ़ने से राहत मिल गई है। सरकार ने एक अगस्त से कलेक्टर रेट बढ़ाने के आदेश को वापस लिया है और अब नया पत्र जारी कर जल्द ही रेटों को लागू करने पर हालात स्पष्ट होंगे। बता दें कि सरकार ने पहले पत्र जारी कर कहा था कि एक अगस्त से कलेक्टर रेट को लागू किए जाएंगे। अब फैसले पर रोक लगा दी गई है। नायब सैनी सरकार ने एक अगस्त से नए रेट लागू नहीं होंगे, इस बारे में एक नया पत्र जारी कर दिया गया है, प्रापर्टी महंगी होने को लेकर चिंता करने वालों को सरकार ने राहत प्रदान की है।

### पिछले साल की 12 से 32 फीसदी बढ़ोतरी

पिछले साल जमीन के कलेक्टर रेट 12 से 32 प्रतिशत तक बढ़ाए गए थे। देश की राजधानी दिल्ली के नजदीक होने के कारण एनसीआर में जमीन अधिक महंगी है, इसलिए वहां कलेक्टर रेट बाकी जिलों से काफी अधिक रखे थे। इनमें रोहतक, पलवल, बहादुरगढ़, सोनीपत, करनाल और पानीपत में 20 प्रतिशत और गुरुग्राम, सोहना, फरीदाबाद, पटौदी और बल्लभगढ़ के कलेक्टर रेट में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई थी। इस बार भी यहां रेट ज्यादा होने के आसार हैं। कलेक्टर रेटों की घोषणा के बाद में इससे कम पर तहसीलों में प्रापर्टी की रजिस्ट्री नहीं होती, अर्थात फिक्स रेट के ऊपर अथवा उसी रेट पर कलेक्टर रेट तय कर दिया गया है।

### बढ़ रहा क्राइम, दहशत का माहौल : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार के दौरान प्रदेश का कोई बाशिंदा सुरक्षित नहीं है। विधायक, पूर्व विधायक से लेकर पुलिस तक, सभी बदमाशों की गोलियों, हमलों और धमकियों के शिकार हो चुके हैं। इस सरकार के दौरान खुद सत्ताधारी भाजपा नेताओं का परिवार तक सुरक्षित नहीं है। इसका ताजा उदाहरण जींद में देखने को मिला। यहां बीजेपी नेता के जवान बेटे की सरेराह, चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। ऐसे में आम आदमी की कितना असुरक्षित होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। हुड्डा ने कहा कि जींद से पहले रोहतक में महिला मार डाला गया। वारदातों से पूरे हरियाणा में दशहत का माहौल है।

## दिशा की बैठक में बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

# हर स्कीम को सफल बनाना हमारा उद्देश्य जिस योजना में काम नहीं उसको बंद करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

उर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने पानीपत में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की ली। बैठक में मनोहर लाल ने अधिकारियों से कहा कि हमें हर स्कीम को सफल बनाना है, जिस स्कीम में कोई काम नहीं है उसको बंद करवाने के लिए लिखें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिए। किसी भी योजना में सुधार के लिए कोई सुझाव है तो उसे जरूर बताएं। योजना में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य भी गरीबों, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। नियम-कानून जनता के भले के लिये बनाये जाते हैं। अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति तेज करें।




### बेरोजगार करें वीटा बूथ के लिए आवेदन

केन्द्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि जो युवा बेरोजगार हैं वह स्वरोजगार के लिए वीटा बूथ खोल सकते हैं, इसके लिए उन्हें मुख्य स्थानों पर बूथ के लिए जमीन देखनी होगी। मनोहर लाल ने कहा कि कुछ ऐसे परिवार हैं जो बहुत गरीब हैं और वह बीपीएल के लिए पात्र हैं, उनके परिवार पहचान पत्र में गलती से कई--कई गाड़ी चढ़ाई गई हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसकी जांच करें।

### धान की सीधी बिजाई के लिए किसानों को जागरूक करें

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई के लिए प्रति एकड़ 4500 रूपये देने का प्रावधान किया है ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान ना हो, इसके लिए सरकार की मंशा है कि पानी की ज्यादा से ज्यादा बचत हो सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित सदस्यों को भी कहा कि वह इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 06 अगस्त 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगिन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049857000083 | गुरप्रीत सिंह |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003291 | तरलोचन सिंह |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003727 | जसबीर रामभगत श्योराण |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - बल्लभगढ़ | |
| 140162002570 | विकाश विकाश |
| 140105002644 | साहिल चंदिला |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - एनआईटी | |
| 102557000328 | रामेश्वर कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-16 | |
| 008357001074 | दीपक कुमार मिश्रा |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062757000158 | रोहित रोहित |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | |
| 732557000032 | धाराकेस्वर्ण एस |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862002479 | जितेन्द्र एन |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - रत्न गार्डन | |
| 106957000088 | दीपक पराशर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-46 | |
| 389062001300 | सुनीता महला |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सुशांत लोक | |
| 031462006468 | रूपेश कुमार |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-15 पार्ट-II | |
| 114862001997 | विनोद कुमार चौरसिया |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262009239 | मनोज कुमार |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000043 | मोहित |
| 451562000068 | मोहित |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : कुंडली-सेक्टर-62 | |
| 373462000673 | पूजा कुमारी |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219557000094 | मि. आकाश |
| शाखा का नाम : मानेसर | |
| 661805601364 | दिनेश शर्मा |
| शाखा का नाम : राठीर | |
| 397605000801 | नितिन अरोड़ा |
| शाखा का नाम : रोहतक - हिसार रोड | |
| 662162601089 | शिवानी शर्मा |
| शाखा का नाम : समालखा | |
| 204857000136 | प्रदीप |
| शाखा का नाम : सौंदा | |
| 294462000180 | निखिल भाटिया |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262004096 | पवन गर्ग |
| शाखा का नाम : रामपुर - अयोध्यानाथ मंदिर | |
| 162662003578 | विकेश कुमार नेगी |
| 162662003580 | विकेश कुमार नेगी |

दिनांक : 26.07.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, भिवानी, महेन्द्रगढ़, यमुनानगर, रेवाड़ी, पानीपत, पंचकूला
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 18.07.2025 के तहत राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा जो 20.07.2025 को निर्धारित थी, को स्थगित कर दिया था। अब, आयोग ने राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में राजनीति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 62/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 08.08.2025 पूर्वा. 10:00 से अप. 01:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 04.08.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।
आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।
**टिप्पणियां :-**
1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 20.07.2025 के लिए निर्धारित परीक्षा हेतु डाउनलोड किए गए प्रवेश-पत्र अब वैध नहीं है।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 25.07.2025 हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/339/2026/36984/88/6 दि. 25.07.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001
**शाखा कार्यालय** : प्रथम तल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001
चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।
चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरविन्द शर्मा (कर्जदार), रमेश कुमार शर्मा (सह-कर्जदार), अरूण कुमार (सह-कर्जदार) LHROH00001312015. | घनीपुरा आर्य नगर के निकट, बहस्तीपुरा, रोहतक-124001 में मकान नं. 280, आर्य नगर हाउस। सीमाएं : उत्तर : गली 12 फुट, दक्षिण : जयराम गुगलानी का मकान 12 फुट, पूर्व : मामन का मकान, 44 फुट 8 इंच, पश्चिम : मालिक का प्लॉट 45 फुट / कब्जे की तिथि 22 जुलाई 25 | 13-04-2023 रु. 24,92,017/- | रोहतक |
| 2. | दीपक रूपलाल बतरा (कर्जदार), ज्योति शर्मा (सह-कर्जदार), LHSNP00001345292. | मकान नं. 149/15, पुराना मकान नं. बी-1-99 पीपीआईडी 114C121U281 मशाद मोहल्ला, सोनीपत, हरियाणा एनए सोनीपत, हरियाणा-131001. सीमाएं : उत्तर : ओमप्रकाश की दुकान 15.8 फुट, दक्षिण : ओम साइकल शॉप 21.4 फुट, पूर्व : दीवान का मकान, 14.7 फुट, पश्चिम : गीता भवन रोड 17.5 फुट /कब्जे की तिथि 21 जुलाई 25 | 10-04-2023 रु. 22,97,974/- | सोनीपत |
| 3. | दीपक रूपलाल बतरा (कर्जदार), ज्योति शर्मा (सह-कर्जदार), LHSNP00001345293. | मकान नं. 149/15, पुराना मकान नं. बी-1-99 पीपीआईडी 114C121U281 मशाद मोहल्ला, सोनीपत, हरियाणा एनए सोनीपत, हरियाणा-131001. सीमाएं : उत्तर : ओमप्रकाश की दुकान 15.8 फुट, दक्षिण : ओम साइकल शॉप 21.4 फुट, पूर्व : दीवान का मकान, 14.7 फुट, पश्चिम : गीता भवन रोड 17.5 फुट /कब्जे की तिथि 21 जुलाई 25 | 10-04-2023 रु. 88,542/- | सोनीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।
दिनांक : 26 जुलाई 2025, स्थान : रोहतक, सोनीपत प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7461

मनकि सोमबीर पुत्र रघबीर पुत्र प्रताप सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 18/8मिन, खाता न0 18, मु0 न0 29, किला न0 16/2(5–11), 17/2 (0–4), 23/2(0–2), 24(7–12), 25/1(5–16), मु0 न0 32, किला न0 3/2(3–7) किते 6, तादादी रकबा 22 कनाल 12 मरले का 203/452 भाग, बकदर 10 कनाल 3 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 43/452 भाग, बकदर 2 कनाल 3 मरले व खेवट न0 470/371, खाता न0 483, मु0 न0 47, किला न0 23/2(0–5), 24/2(0–17), मु0 न0 50, किला न0 4/2(0–8), किते 3, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 206/3607 भाग, बकदर 0 कनाल 1.71 मरला व खेवट न0 503/402, खाता न0 519, मु0 न0 61, किला न0 28(0–15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/128 भाग, बकदर 0 कनाल 0.11 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 4.82 मरले (0.280125 एकड़) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 32, किला न0 3/2 मिन पश्चिम (2–3), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 3 मरले व खेवट न0 470/371, खाता न0 483, किते 3, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 206/3607 भाग, बकदर 0 कनाल 1.71 मरला व खेवट न0 503/402, खाता न0 519, किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/128 भाग, बकदर 0 कनाल 0.11 मरला, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 2 कनाल 4.82 मरले (0.280125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

7462

मनकि बिजेन्द्र पुत्र मीरसिहं पुत्र बख्तावर, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 149/136, खाता न0 152, मु0 न0 73, किला न0 26(0–16), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 16 मरले का 1/24 भाग, बकदर 0 कनाल 0.66 मरला (0.004125 एकड़) वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 73, किला न0 26 मिन (0–0.66), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0.66 मरला (0.004125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 25.07.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14, गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अनुभाग में एडीईएन/आरपीजे और एसआईआर के अधिकार क्षेत्र के तहत टीटीआर, टीडब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएमएससीएस, टीडब्ल्यू+डब्ल्यूसीएमएससीएस नवीकरण आदि और टीआरआर माध्यमिक और प्राथमिक कार्य, टीटीआर और टीआरआर के स्वीकृत कार्यों के विरुद्ध। | ₹1,83,97,321/- | ₹2,42,000/- | 12 महीने | 18.08.2025 |
| 2. | एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में रेलवे कॉलोनी, जगाधरी कार्यशाला में एक गहरे ट्यूबवेल और 225KL क्षमता की दो RCC ओवरहेड टैंकों की स्थापना करके जल आपूर्ति में सुधार। | ₹1,87,85,087/- | ₹2,43,900/- | 12 महीने | 18.08.2025 |
| 3. | एडीईएन/एसआईआर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और डीएलमीसी अनुभाग पर बोल्डर एप्रन और स्टोन पिचिंग कार्य प्रदान करके पुल संख्या 93 और 104 के लिए स्कोअरिंग के विरुद्ध संरक्षण कार्य। | ₹2,36,62,365/- | ₹2,68,300/- | 08 महीने | 18.08.2025 |
| 4. | यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर पुल संख्या 313–ए (8x8 आरसीसी बॉक्स) किमी 275/4–6 और 314–ए (8x8 आरसीसी बॉक्स) किमी 275/16–18 का सुदृढ़करण, अन्य सुरक्षा और सहायक कार्यों के साथ मानक विंग और रिटर्न दीवारों का प्रावधान। | ₹1,61,05,291/- | ₹2,30,500/- | 08 महीने | 18.08.2025 |
| 5. | एडीईएन/एसएमएल के अनुभाग में कालका–शिमला सेक्शन पर शेष 14620.24 क्यूम 65 मिमी गेज पत्थर गिट्टी की आपूर्ति। | ₹2,35,14,260/- | ₹2,67,600/- | 12 महीने | 18.08.2025 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे।
3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।
खुली निविदा संख्या 20–अम्बाला/2025–26 दिनांकः 24.07.2025 2263/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड 5054 (डब्ल्यू.पी. 2024-25) (ग्रुप-3) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 4 अदद रोड का सीसीबी, आईपीबी/20 मिमी पीसी बिछाना और चौड़ा करने / मजबूतीकरण, ऊपर उठाने के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत के लिए डीएनआईटी अर्थात 1. सिरसा-नट्टार-मोडिया खेड़ा रोड कि.मी. 0 से 0.30 (रोड आईडी : 5830) पर सीसीबी पुनः बिछाना / ऊपर उठाने का प्रावधान, 2. सलारपुर लिंक रोड कि.मी. 0 से 1.01 (रोड आईडी : 5878) पर 20 मिमी पीसी का प्रावधान, 3. खाजा खेड़ा से नट्टार रोड कि.मी. 0 से 0.85 (रोड आईडी : 10990) तक रोड पर मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 4. सलारपुर से मंगाला-ऐलनाबाद रोड कि.मी. 0 से 2.90 (रोड आईडी 2193) तक रोड का सुधार + 1 कार्य। | 23.07.2025 02.08.2025 | 405.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | बागवानी सीओईएसएएच गिगनाऊ, भिवानी | सीओईएसएएच, गिगनाऊ में जॉब रोल आधार पर मेनियल और अन्य कार्य के लिए दर अनुबंध ई-निविदा। | 25.07.2025 24.08.2025 | 1.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416379680 coesahgignow@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज ब्लॉक बाढड़ा | गांव करी रूपा में व्यायामशाला को पूरा करना। | 27.07.2025 01.08.2025 | 20.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव मकराना ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में शिव धाम की चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 22.07.2025 30.07.2025 | 35.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव संतोर ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में सामान्य चौपाल को पूरा करना, स्कीम डी-प्लान + 1 कार्य। | 22.07.2025 30.07.2025 | 13.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | गांव अहमदवास खेड़ा ब्लॉक लोहारू में योगा-एवं-व्यायामशाला का निर्माण, स्कीम सी.एम. घोषणा। | 23.07.2025 29.07.2025 | 35.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन और बीएसबी के साथ-साथ विभिन्न पीएच पर रिटेनिंग वॉल का प्रावधान और डीआई डिलीवरी पाइप्स की सुरक्षा के लिए आईपीबी बिछाने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 30.07.2025 | 16.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 8 | पंचायती राज झज्जर | गांव चप्पार, ब्लॉक माचरोली जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 23.07.2025 30.07.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | गांव मदाना खुर्द, ब्लॉक बेरी में पंचायती कुएं से बन्नी सिंह के मकान तक गली का निर्माण। | 22.08.2025 28.07.2025 | 17.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/180/36992/I/88/6 दि. 25.07.25

# रोहद टोल तीन घंटे तक रहा टैक्स फ्री

## लोकल वाहनों से टोल टैक्स वसूलने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

## वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, 6 और 7 को बैठक करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली रोहतक नेशनल हाइवे पर स्थित रोहद टोल प्लाजा पर लोकल वाहनों से शुल्क वसूलने के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सांपला के लोगों ने रोहद टोल प्लाजा पर पहुंचकर टोल की सभी लाइन फ्री कर दी। करीब 3 घंटे तक यहां वाहनों से शुल्क नहीं वसूला जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने में जुट गए। रोहद टोल पर प्रदर्शन करने वाले सांपला निवासियों का कहना है कि रोहद टोल प्लाजा उनके क्षेत्र से सटा हुआ है। उन्हें रोजाना काम के लिए टोल प्लाजा से होकर गुजरना पड़ता है। टोल प्लाजा पर उन्हें छूट नहीं दी जा रही। उनके प्राइवेट और कमर्शियल वाहनों से दिन में कई बार टोल वसूला जाता है। उनका आरोप है कि टोल कर्मचारी उनसे बदतमीजी से बात करते हैं और झगड़ा करने पर भी उतारू हो जाते हैं। जबकि रोहद टोल प्लाजा पर साथ लगते गांव के वाहनों से टोल नहीं वसूला जाता। सांपला भी टोल के पास ही स्थित है। इसके बावजूद उनके वाहनों से टोल वसूला जा रहा है।

■ ग्रामीण बोले, काम के लिए दिन में कई बार जाना पड़ रहा, हर बार टैक्स वसूल रहे


बहादुरगढ़। रोहद टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते ग्रामीणों को समझाते अधिकारी।

### टैक्स वसूली बंद नहीं की तो धरना देंगे

उन्होंने कई बार टोल प्लाजा के अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत की है। मगर कोई समाधान नहीं निकला। इसके विरोधस्वरूप वे लोग यहां पहुंचे और रोहद टोल प्लाजा पर वाहनों से शुल्क वसूलने से रोक दिया। गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनके लोकल वाहनों से टोल टैक्स वसूली बंद नहीं होगी, तब तक वे धरना जारी रखेंगे। एसीपी दिनेश कुमार समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास करते रहे। अंत में फैसला हुआ कि टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 6-7 अगस्त को बैठक में इसे लेकर लेकर अंतिम निर्णय होगा। तब तक जैसी व्यवस्था है, वो जारी रहेगी। उसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# बारात लेकर दूसरी शादी करने निकले दूल्हे मियां, पहली पत्नी के रिश्तेदारों ने मार-मारकर पहुंचा दिया अस्पताल

■ आठ माह पहले पति-पत्नी का परिवार की सहमति से हुआ था तलाक

**नूंह।** नूंह जिले में एक दूल्हे को दूसरी शादी करना उसे समय महंगा पड़ गया जब पहले ससुराल वालों ने रास्ता रोककर दूल्हे के साथ लाठी - डंडों से जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी भाग निकले। मामला पिनगवां थाना अंतर्गत ढाढोला कला गांव का है , आदिल नाम का दूल्हा बड़ी खुशी व उत्साह के साथ अपनी बारात लेकर सुड़ाका जा रहा था, लेकिन उसको क्या पता था कि वह ससुराल की बजाय हॉस्पिटल पहुंच जाएंगे । बता दें कि जैसे ही दूल्हा बारात को लेकर पिनगवां - शिकरावा रोड मोहम्मदपुर मोड़ के पास पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और दूल्हे को गाड़ी से बाहर खींच लिया। दूल्हे को गाड़ी से बाहर खींचकर उनके साथ जमकर मारपीट की वह जिस गाड़ी में दूल्हा सवार था उसको भी तोड़ दिया । दूल्हे के साथ मारपीट होता देख जब बारातियों ने उनको बचाने की कोशिश की तो बारातियों के साथ भी उन लोगों ने मारपीट की जिससे साहिब ढाढ़ोला के दो हाथ व पैर में चोट आई है और नाम जाहिद के हाथ पैर, पेट व कोच में चोट आई है और दुल्हा आदिल के दोनों पैर पर हथौड़ा व लाठी - डंडों से हमला किया व मोइन व नायब के भी चोट आई है। ये सभी लोग एक ही गाड़ी वर्ना में सवार थे जो घायल हो गए। मारपीट व तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए । बताया की आरोपियों ने फायर किए । घटना के बाद घायलों को आनन फानन में पिनगवां सीएससी पहुंचाया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है । घटना के बाद दूल्हे के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पिनगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई शुरू की। दूल्हे के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार आदिम उर्फ आदिल की शादी वर्ष 2023 में सुमैया पुत्री जमील निवासी पटाकपुर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी।

■ बोलेरो में सवार लोगों ने रास्ता रोककर दूल्हे की गाड़ी को रोका

■ वाहन से बाहर खींचकर मारपीट, बचाने आए लोगों से भी मारपीट


नूंह। मारपीट में घायल दूल्हा। इनसेट में हमले में क्षतिग्रस्त वाहन।

### कोर्ट में चल रहा केस

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पहली पत्नी सुमैया का चाल चलन ठीक नहीं था। दूल्हे के परिजनों ने बताया कि पहली पत्नी के चरित्र पर शक था। जिसको लेकर अक्सर पति - पत्नी में अनबन रहती थी। अनबन यहां तक पहुंच गई के पहली पत्नी ने तलाक का मुतालबा किया और आदिम ने उनको दोनों परिवारों की सहमति से तलाक दे दिया था जिसका केस कोर्ट में चल रहा है । इसके लगभग 8 महीने बीत जाने के बाद अब आदिम उर्फ आदिल दूसरी शादी करने जा रहा था। जिसके साथ रास्ते में यह घटना हुई है।

### पहली शादी से एक लड़की

ग्रामीणों ने बताया की पहली पत्नी से एक लड़की भी है, जो पिता के साथ रह रही है। उसी की परवरिश के लिए दूसरी शादी कर रहा था। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही इस मामले को लेकर पिनगवां पुलिस का कहना है कि मौके पर पहुंचे हैं। कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को कई घंटे बाद भी शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी निकला गैंगरेप का मामला

**बहादुरगढ़।** हाल ही में रोहद में सामने आया गैंगरेप का मामला पूरी तरह से फर्जी निकला है। मामले की जांच के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। पूछताछ के दौरान कथित पीड़िता ने स्वीकार किया कि उसने झूठी कहानी गढ़ी थी। यह मा म ला मंगलवार सुबह सामने आया था। करीब 20 वर्षीय महिला ने आसौदा थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि बाइक सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल छीना और जब वह उनका पीछा करने लगी तो तीनों उसे पकड़कर झाड़ियों में ले गए। फिर दो युवकों ने उसे पकड़कर रखा और तीसरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रवासी महिला से गैंगरेप की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आसौदा थाना पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर जांच शुरू की। लेकिन महिला के बयानों और घटनास्थल के हालात में कई विरोधाभास नजर आए। पुलिस को महिला की कहानी पर शुरू से ही शक था। जांच के दौरान लगातार पूछताछ और काउंसलिंग के बाद महिला ने अपने परिवार के सामने सच स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसके और लाइफ पार्टनर (पति) के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे और पति की सहानुभूति पाने के लिए उसने यह कहानी गढ़ी।

■ महिला बोली, पति से संबंध ठीक नहीं चल रहे, सहानुभूति पाने के लिए उसने यह कहानी गढ़ी

### शिकायत झूठी : डीसीपी

शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में डीसीपी मयंक मिश्रा ने इस फर्जी मामले से पर्दा उठाया।



आईपीएस मिश्रा ने कहा कि मामला अब सुलझ चुका है। महिला की शिकायत झूठी पाई गई है। शिकायत देने वाली महिला और उसके पति यूपी से हैं। जांच और पीड़िता के बयान के बाद स्पष्ट हो गया है कि उसने झूठी शिकायत दी थी।

## प्रतिबंधित इंजेक्शन व एमटीपी किट खेप के साथ झोलाछाप काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव ढाकल में झोलाछाप प्रैक्टिसनर के आवास पर छापेमारी कर 1782 नशीले इंजेक्शन, 600 नशीली गोलियां, 28 एमटीपी किट बरामद कर आरोपित को काबू किया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए झोला छाप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक, एमटीपी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव ढाकल निवासी सतीश गांव में लोगो का इलाज की प्रैक्टिस करने की आड़ में नशीली गोलियों, दवाइयों तथा गर्भपात की किट का कारोबार करता है। सूचना पर सीआईए स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग, ड्रग कंट्रोलर, आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। जिसके आधार पर टीम ने सतीश के घर पर छापेमारी कर आरोपी का पकड़ा।

## झज्जर के खेत में सिंचाई कर रहे किसान को करंट लगा, मौत

**झज्जर।** वीरवार की रात खेतों में पानी देते समय करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव बिठला निवासी करीब 47 वर्षीय जयवीर पुत्र संतराम के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि जयवीर रात को खेत में पानी देने गया हुआ था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी सुखपाल ने बताया कि उन्हें करंट लगने के कारण किसान की मौत की सूचना मिली थी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। इस संबंध में मृतक के पुत्र मनीष के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हरियाणवी गायक मीता बरोदा पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

**गोहाना।** हरियाणवी गायक मीता बरोदा पर उसके गांव बरोदा के ही मंजीत ने फायरिंग कर दी। हमलावर गाड़ी से उतरकर अकेला वहां पहुंचा और उसे गाली देने लगा। इस पर बहस हो गई और मंजीत ने पिस्तौल निकालकर पहले हवाई फायर किया और उसके बाद मीता पर फायर किया। वे झुक गए और बाल-बाल बच गए। तीसरा फायर किया तो वह मिस हो गया। इसके बाद गायक व उसके भाइयों ने आरोपी मंजीत को पकड़ लिया। लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। गायक ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय दोनों में कहासुनी हुई थी। आरोप है कि उसी रंजिश में हमला किया गया है।

■ सिंगर बोला विस चुनाव में आरोपी से कहासुनी हुई थी

### आरोपी पर केस दर्ज

बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। मीता बरोदा लंबे समय से हरियाणवी गीत गा रहे हैं और अपनी अच्छी पहचान बना चुके हैं। मीता का कहना है कि विधानसभा चुनाव में बरोदा हलका में डा. कपूर नरवाल निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे। उनके समर्थकों ने कार्यक्रम में उसे गाने के लिए बुलाया। इसके बाद गांव के मंजीत ने उसे फोन करके धमकाया। वह कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन कर रहा था। गायक मीता का कहना है कि उसने मंजीत से कहा था कि अगर उसे कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यक्रम में बुलाया जाएगा तो वह वहां भी आ जाएगा। चुनाव के बाद मामला शांत हो गया था। गायक का कहना है कि लगभग सात माह पहले उसने गोहाना में एक प्लाट का सौदा किया था, जिसमें मंजीत व उसके साथियों ने बीच में हस्तक्षेप करके उस सौदे को नहीं होने दिया। उसके तीन लाख रुपये भी फंस गए।



श्रम मंत्रालय ने इस योजना की दी जानकारी

# 1 अगस्त से शुरू होगी रोजगार प्रोत्साहन योजना, दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' एक अगस्त, 2025 से लागू होगी। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी थी।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' (पीएमवीबीआरवाई) का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे।

- कैबिनेट ने इस योजना को दी थी मंजूरी
- योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सजृन को प्रोत्साहित करना
- कुल 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली योजना



## अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक सृजित नौकिरयों पर होगा लागू

इस योजना का लाभ एक अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित होने वाली नौकरियों पर लागू होगा। बयान के अनुसार, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना एक अगस्त, 2025 से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' (पीएम-वीबीआरवाई) के रूप में लागू होगी। यह नाम विकासशील भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है और देश में समावेशी और पर्यावरण अनुकूल रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी

पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी जबकि दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में इसे निकाला जा सकेगा।

## कम से कम छह माह तक लगातार रोजगार

सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक लगातार रोजगार देने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए, दो वर्षों तक 3000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन राशि को तीसरे और चौथे वर्ष के लिए भी बढ़ाया जाएगा।

## विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

इस भाग में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ता एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त करेंगे।

## विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार का होगा सृजन

नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को गति देने की भारत की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित होगा

इस योजना के दो हिस्से हैं। भाग 'ए' पहली बार निवेश करने वालों पर केंद्रित है जबकि भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए भाग 'ए' के तहत 15,000 रुपये तक का एक महीने का ईपीएफ अंशदान दो किस्तों में मिलेगा।

# बिकवाली दबाव में बाजार एक माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 721 अंक और निफ्टी 225 अंक फिसला
- विदेशी संस्थाओं ने लगातार पूंजी निकासी जारी रखी
- वित्तीय, आईटी और तेल-गैस शेयरों में रही बिकवाली

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया।विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते 294.64 अंक और निफ्टी में 131.4 अंक की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद सर्वाधिक 4.73 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

## सोना 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर; चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह आज यह 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 500 रुपये गिरकर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पिछला बंद स्तर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# मुद्रास्फीति, वृद्धि की संभावनाओं से तय होगी ब्याज दर में कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आरबीआई गवर्नर ने कहा, वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि की संभावनाएं भविष्य में ब्याज दर कटौती तय करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जून में मुद्रास्फीति में भारी गिरावट आई है। मल्होत्रा ने यहां 'एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन' में कहा कि आरबीआई की दरों में कटौती से परिसंपत्तियों में उछाल नहीं आएगा और केंद्रीय बैंक के पास अर्थव्यवस्था की मदद के लिए दरों में कटौती के अलावा और भी कई उपाय मौजूद हैं। गौरतलब है कि आरबीआई ने इस साल अपनी प्रमुख उधारी दरों में एक प्रतिशत की कटौती की, और आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि प्रमुख मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में आगे और नरमी की उम्मीदें बढ़ गई हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''दरों में कटौती मौजूदा आंकड़ों के बजाय भविष्य में वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों की संभावनाओं पर निर्भर करेगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें यह याद रखना होगा कि मौद्रिक नीति का असर कुछ देरी के साथ होता है, इसलिए दरों पर निर्णय लेते समय मुद्रास्फीति जैसे प्रमुख आंकड़ों के 12 महीने तक के पुर्वानुमान को ध्यान में रखा जाता है।''

## इस साल ऋण दरों में आधा प्रतिशत की कमी

जून तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस साल बैंकों ने ऋण दरों में लगभग आधा प्रतिशत की कमी की है। जबकि रिजर्व बैंक ने फरवरी से लेकर अबतक नीतिगत दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है। मल्होत्रा ने कहा कि दरों में कटौती का मकसद ऋण वृद्धि को बढ़ाना है, और उन्होंने भरोसा जताया कि इससे परिसंपत्ति 'बुलबुले' नहीं बनेंगे।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भारत ब्रिटेन से कार्बन कर छूट प्राप्त करने में विफल: जीटीआरआई

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में भारत कार्बन कर से छूट हासिल करने में असमर्थ रहा। इससे ब्रिटेन में भारत के कार्बन का अधिक उत्सर्जन करने वाले उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ेगा। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरई ने शुक्रवार को यह बात कही। ब्रिटेन सरकार ने 2027 से अपने कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) को लागू करने का दिसंबर 2023 में फैसला किया था। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन तंत्र) पर छूट या छूट का प्रावधान न होने से भारत ने कार्बन का अधिक उत्सर्जन करने वाले उत्पादों के निर्यात में छूट हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर खो दिया है। उन्होंने कहा, '' जनवरी 2027 से ब्रिटेन, भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर कार्बन कर लगा सकता है, जबकि हम ब्रिटेन के सामानों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करते हैं। यह एक गंभीर असमानता है। यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौते में भी यही व्यवहार अपेक्षित है।'' जीटीआरआई ने मई में कहा था कि ब्रिटेन के 2027 से लोहा व इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन कर लगाने के निर्णय के कारण भारत से ब्रिटेन को होने वाले 77.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निर्यात पर असर पड़ सकता है। यूरोपीय संघ (ईयू) के बाद, ब्रिटेन सीबीएएम लागू करने वाली दूसरी अर्थव्यवस्था होगी। यह कर शुरुआत में लोहा, इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक, हाइड्रोजन, सिरेमिक, कांच और सीमेंट जैसे क्षेत्रों पर लगाया जाएगा। यह कर 14-24 प्रतिशत तक हो सकता है। भारत ने पहले इस कर पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी और इसे व्यापार बाधा बताया था।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए में किसानों के हितों रखा ध्यान : चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत ब्रिटेन को कृषि वस्तुओं पर कोई ऐसी शुल्क रियायत नहीं दी है जिससे घरेलू किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। चौहान ने बृहस्पतिवार को संपन्न इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है और असल में, इसका कृषि क्षेत्र पर 'बहुत' सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5939




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5938 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |



---

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
[UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF Sh. Sudhir Kumar Civil Judge (Senior Division) Karnal
Jindal etc
Vs.
Genral Public
CNR No. HRKR02-000605-2025
Next Date:-05-09-2025
GW/11/2025
NOTICE TO:
GENRAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **05-09-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/-
Civil Judge (Senior Division) Karnal
'Dated, this day of 17-05-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Jasbir Singh Kundu Additional District and Sessions Judge, Karnal
Som Devi
Vs.
Genral Public
CNR No. HRKR01-005964-2025
Next Date:31-07-2025
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC :-
KARNAL
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **31-07-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Jasbir Singh Kundu
Additional District and Sessions Judge, Karnal
Dated, this day of 06-06-2025

**सूचना**

मैं, विक्रांत पुत्र श्री नवीन निवासी मकान नंबर-964/35, जनता कालोनी, रोहतक हरियाणा-124001 बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम विक्रांत से बदलकर विक्रांत हुड्डा कर लिया है। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए विक्रांत हुड्डा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उत्तर रेलवे अम्बाला कैंट।
**खुली ई-निविदा सूचना**
**Corrigendum-I**

निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./12 तारीख: 23.07.2025

निविदा संख्या: NR-Proj-FZR-25005, फ़िरोजपुर डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य तथा एम्युनिशन साइडिंग बद्दोवाल, एफसीआई साइडिंग मोगा, अदानी साइडिंग डगरू का विद्युतीकरण का संशोधन कार्य तथा पीक्यूआरएस साइडिंग नकोदर की टॉप वायरिंग का कार्य। अम्बाला डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य और अम्बाला डिवीजन के भटिंडा–श्रीगंगनगर सेक्शन मे पंजकोसी एसएसपी का निर्माण कार्य की निविदा में प्रशासनिक कारणों से संशोधन किये गए है जो निम्न प्रकार है:

| Sr. No. | Items | Existing | Revised |
|---|---|---|---|
| 1. | Cost (Rs.) | 8,59,19,215.83/- | 4,45,95,484.05/- |
| 2. | Date of Closing | 11.08.2025 | 18.08.2025 |
| 3. | Bid Security (Rs.) | 5,79,600/- | 3,73,000/- |

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। 2256/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Vivek Tomar City Civil Court,
CIS-SUCC/38/23
SONI DEVI
Vs.
Genral Public
CNR No. HRJRA0-000778-2023
Next Date:- 01-11-2025
PLAINTIFF- SONI DEVI
:-Parveen
D/o Sanjay Village Sunderpur Tehsil and District Rohtak at present residing at village Kundal Tehsil Kharkhoda Distt Sonepat
PUBLICATION ISSUED TO :
GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through दशcounsel on **01-11-2025 at 10:00 a.m**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Meenu
Addl. Civil. Judge (Sr. Divn.) Bahadurgarh
'Dated, this day of 25-07-2025

**कार्यालय मार्किट कमेटी गोहाना**
**निविदाएं**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी गोहाना दिनांक 01.08.2025 से 31.07.2026 तक अनाज मंडी गोहाना सब्जी मंडी गोहाना (ie. Roads, Common Platforms, Individual Platform, Covered Sheds, Parking area. Cleaning of Toilets, Urinals, Water Cooler Room and other area of Mandi etc), खरीद केंद्र बरोदा, कथूरा, बिचपड़ी, रूखी, भैंसवाल कलां, कासंडी, सबयार्ड खानपूर कलां व मुण्डलाना (Seasonal) तथा कार्यालय परिसर की साफ सफाई का कार्य ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से दिया जाना है। इच्छुक फर्म/एजेंसी सोसाइटी द्वारा मु0 2,00,000/- रूपये या सरकार द्वारा निर्धारित (Refundable) की EMD राशि ऑनलाइन (डेबिट कार्ड/नेटबैंकिंग) के माध्यम से टेंडर फार्म के साथ दिनांक 29.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से पूर्व जमा करवानी होगी। टेंडर की कीमत मु0 2,000/- रूपये और सर्विस चार्ज मु0 1180/- (Non Refundable) भी ऑनलाइन जमा करवाने होंगे। ऑनलाइन निविदा दिनांक 30.07,2025 को दोपहर 01:00 बजे खोली जायेगी। अन्य शर्तों की जानकारी बारे किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय मार्किट कमेटी से प्रास की जा सकती है। ऑनलाइन निविदाएं http://etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध होगी।

**सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी** **प्रशासक**
**मार्किट कमेटी गोहाना** **मार्किट कमेटी गोहाना**

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
[UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF Sh. Praveen Kumar Additional Principal Judge Family Court, Karnal
Kamla Devi
Vs.
Genral Public
CNR No. HRKR01-001631-2024
GW/14/2024
Next Date:-13-10-2025
NOTICE TO:
GEETA
W/O SATISH D/O VINOD R/O CHUNDIPUR, KARNAL
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) GEETA W/O SATISH D/O VINOD R/O CHUNDIPUR, KARNAL could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) GEETA W/O SATISH D/O VINOD R/O CHUNDIPUR, KARNAL should appear in person or through counsel on **13-10-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Praveen Kumar
Additional Principal Judge Family Court, Karnal
'Dated, this day of 28-05-2025

**HARYANA CRICKET ASSOCIATION**
Company formed Under Section 8 of the Companies Act 20-13.
7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana
**TENDER NOTICE - Corrigendum and Revised Dates**

| | |
|---|---|
| Tender Tender No. and Date | HCA/2025-26/1005-05/07/2025 |
| Authority | CEO, Haryana Cricket Association |
| Description of Work | Selection of an Agency for Construction of International Cricket Stadium at Lohat, Jhajjar, Haryana for Haryana Cricket Association |
| Estimated Project Cost | 186.72 Cr. (Rupees One Eighty-Six Point Seven Two Crore) only |
| Earnest Money Deposit (EMD) | 2 Cr. (Rupees Two Crores) only. |
| Contract Period | 24 Months |
| Bid Evaluation Criteria | QCBS (Quality and Cost Based Selection) |
| Sale of Tender Document | From 05/07/2025, 15.00 Hrs. to 05/08/2025, 11.00 Hrs. at 7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana |
| Corrigendum Document | Available at HCA office 7 Ashok Road, Vijay Nagar, Bhiwani, Haryana |
| Last Date of Tender Submission | 08/08/2025 before 14:00 Hrs. |
| Date of Technical Presentation | 11/08/2025 after 13:30 Hrs. |
| Date of Opening Financial Bids | 12/08/2025, after 13:30 Hrs. in presence of tenderer |
| Cost of Tender Document | 50,000.00 (Rupees Fifty Thousand) + 5% GST |
| Mode of Payment for Tender Document | Draft favoring Haryana Cricket Association payable at Bhiwani, Haryana |

FOR HARYANA CRICKET ASSOCIATION
CEO

**ई-नीलामी सूचना**
**जल प्रभावित लगभग 9304 अदद लैमिनेट शीट्स**

इच्छुक खरीददारों को ''एक मुश्त'' आधार पर ''जल प्रभावित लगभग 9304 अदद लैमिनेट शीट्स'' के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा ''जैसा है जहां है'', ''जो भी है वहां है'' और ''शिकायत नहीं'' आधार पर बेचा जाएगा और मै. स्टार लैमिनेट्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण गांव महमूदपुर, बिलासपुर रोड, जगाधरी, हरियाणा-135003 में 26.07.25 से 04.08.25 तक पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्य दिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री अंकुश से 7056789005 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 05.08.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अनूप कुमार से 8928293156 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय शॉप नं. 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085 में है।

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 04.08.2025 है।**

**THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK**
Email:rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800
LiFE Lifestyle for Environment

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि., भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवम् पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं:-

आईटमस का विवरण:-

1. बन्द सीजन एवं आगामी पेराई सत्र 2025-26 व बन्द सीजन एवं आगामी पेराई सत्र 2026-27 के दौरान प्लांट की मरम्मत व रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल **etenders.hry.nic.in** पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 30.07.2025 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल **etenders.hry.nic.in** पर जमा की जाएंगी एवं तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 30.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता सभी मदों के लिए अपनी दरे न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 30.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं.- 9728341414 या 9540622500 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-मुख्य लेखा अधिकारी
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद- 1039/11/89/2026/36964/C/88/6 दि. 25.07.25

# मानसून सत्र का पहला सप्ताह चढ़ा हंगामे की भेंट, अगले हफ्ते कामकाज होने के आसार

## एसआईआर पर गतिरोध बरकरार, दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सके

सोमवार से पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में विशेष चर्चा होगी।

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



संसद में विपक्ष द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण मानसून सत्र के पहले दिन से जारी गतिरोध शुक्रवार को भी समाप्त नहीं हुआ, हालांकि लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) में बनी सहमति के अनुसार अगले सप्ताह से दोनों सदनों में कामकाज होने की संभावना है।

शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के उपरांत और राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे के पश्चात पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रतिनिधियों की शुक्रवार को हुई बैठक में फैसला किया गया। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से सदन का कामकाज सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि आप स्वयं यह समीक्षा करें कि यह हंगामा किसके हित में है। इसका लाभ किसे मिलेगा? जिन्होंने आपको चुन कर भेजा है, क्या उन्हें इसका लाभ मिलेगा?

### कोविड टीकाकरण का दिल का दौरा पड़ने के जोखिम पर कोई प्रभाव नहीं

स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि कोविड टीकाकरण का दिल का दौरा पड़ने के जोखिम पर प्रभाव नहीं पड़ा है। लोस में उन्होंने कहा कि दिल का दौरा पड़ने के मामलों से संबंधित आंकड़े केंद्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार, दिल का दौरा पड़ने के कारणों को समझने के लिए, आईसीएमआर-राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान ने देशभर के 25 अस्पतालों में एक अध्ययन किया।

### असहमति जताने का यह तरीका सही नहीं : ओम बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी दलों के सदस्य 'एसआईआर वापस लो' के नारे लगाने लगे। बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों के तख्तियां दिखाने और नारेबाजी करने पर निराशा जताते हुए कहा, ''मैं पिछले कुछ दिन से देख रहा हूं कि सदन को नियोजित तरीके से बाधित किया जा रहा है। असहमति जताने का यह तरीका सही नहीं है।'' उन्होंने सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा कि यह सदस्यों का समय होता है जिसमें वे प्रश्न पूछते हैं और सरकार की जवाबदेही तय करते हैं। बिरला ने कहा कि विपक्ष के सदस्य जिस भी मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, सरकार से बात करके उसका निर्णय लिया जा सकता है, लेकिन उन्हें गतिरोध समाप्त करना चाहिए।

### बुजुर्ग माता-पिता की सेवा के लिए हर साल मिलेगी 30 दिन की छुट्टी

कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मी बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सहित किसी भी व्यक्तिगत कारण का हवाला देकर हर साल अन्य पात्र अवकाशों के अलावा 30 दिन की अतिरिक्त छुट्टी ले सकते हैं। ये पात्र अवकाशों के अलावा प्रति वर्ष 30 दिन के अर्जित अवकाश के रूप में होगी। कर्मचारी 20 दिन का अवकाश आधे वेतन के साथ ले सकते हैं। 8 दिन का आकस्मिक अवकाश और 2 दिन का प्रतिबंधित अवकाश लेने की भी छूट है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में जानकारी दी।

### सदन में कमल हासन को दिलाई शपथ

पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने उच्च सदन की बैठक पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर, अभिनय की दुनिया से राजनीति में आए कमल हासन तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की राजाथी, एस आर शिवलिंगम और पी विल्सन को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

## इंदिरा को पीछे छोड़ दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने मोदी

भाषा ▸▸| नई दिल्ली



अभी तब सबसे अधिक समय तक इस पद पर रहने का रिकार्ड प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम

नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले दूसरे नेता बन गए। अभी तब सबसे अधिक समय तक इस पद पर रहने का रिकार्ड प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के 4,078 दिन पूरे कर लिए। गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4,077 दिन तक प्रधानमंत्री रही थीं।

लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। मोदी और नेहरू, दोनों के नेतृत्व में उनकी पार्टियों को लगातार तीन लोस चुनाव में जीत मिली। नेहरू 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 को निधन होने तक इस पद पर बने रहे और उनका कार्यकाल 6,130 दिन का रहा। राज्य और केंद्र में सरकार के निर्वाचित प्रमुख के रूप में मोदी पहले ही सबसे लंबे कार्यकाल को रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर 2014 में प्रधानमंत्री बने। आजादी के बाद जन्मे मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता हैं।

## राज्यसभा महासचिव को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के 17वें उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने के लिए कदम आगे बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी को चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके कारण यह चुनाव कराना आवश्यक हो गया है। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को समाप्त होना था। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि कानून एवं न्याय मंत्रालय से परामर्श करके और राज्यसभा के उपसभापति की सहमति के बाद उसने 2025 के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पी सी मोदी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।

## जाति जनगणना नहीं करवा पाना मेरी गलती, सुधारने का प्रयासः राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान जाति जनगणना नहीं करवा पाना उनकी गलती है, लेकिन अब उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा 'राजनीतिक भूकंप' है जिसने देश की राजनीतिक जमीन को हिलाकर रख दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां कांग्रेस के 'ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा, ''मै 2004 से राजनीति कर रहा हूं। जब मैं अपना मूल्यांकन करता हूं तो पाता हूं कि कहीं अच्छा काम किया तो कहीं कमी रह गई।



### मोदी में दम नहीं: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से कई बार मिल चुके हैं और उनमें कोई दम नहीं है। उन्होंने कांग्रेस 'ओबसी भागीदारी न्याय सम्मेलन' में यह टिप्पणी की। राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान जब यह सवाल किया कि देश में सबसे बड़ी समस्या क्या हैं तो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने प्रधानमंत्री का नाम लिया। राहुल ने कहा कि मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मीडिया वालों ने सिर्फ गुब्बारा बना रखा है। मैं उनसे मिल चुका हूं, उनके साथ कमरे में बैठा हूं। बस 'शो' हैं, कोई दम नहीं है।

### राज्यपाल ने अपराजिता बिल को वापस भेजा

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार के पास विचार के लिए वापस भेज दिया है, क्योंकि केंद्र ने भारतीय न्याय संहिता में प्रस्तावित बदलावों को लेकर गंभीर आपत्तियां जताई हैं। राजभवन के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि केंद्र ने अपने अवलोकन में पाया कि सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, बीएनएस की कई धाराओं के तहत बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है, जो अत्यधिक कठोर और असंगत हैं।



### दलाई लामा की आध्यात्मिक सभा में शामिल हुए खांडू

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू लद्दाख में करशा मठ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन धर्म सभा 'यार्चोस चेनमो' में शुक्रवार को शामिल हुए। करशा फोटांग में आयोजित इस धार्मिक समागम में लगभग 30,000 आध्यात्मिक साधक उपस्थित थे, जो तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा से शिक्षा प्राप्त करने के लिए एकत्र हुए थे। खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लद्दाख में दलाई लामा के साथ अपनी मुलाकात को आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण अनुभव बताया तथा तिब्बती धर्म गुरु द्वारा प्रसार की जा रही करुणा और शाश्वत ज्ञान को रेखांकित किया।



## बिहारः एसआईआर का पहला चरण पूरा

**नई दिल्ली (भाषा)।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का पहला चरण शुक्रवार को समाप्त हो गया। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण की पहले चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बताया कि उसके स्थानीय चुनावी तंत्र ने रिपोर्ट दी है कि लगभग 35 लाख मतदाता या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या 24 जून के बाद से उनका पता नहीं चल सका है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में राज्य में मतदाताओं की संख्या लगभग 7.90 करोड़ है। आयोग के मुताबिक, बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और राजनीतिक दलों के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) ने लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं के नामों की सूचना दी है। इसके अलावा, लगभग सात लाख मतदाता एक से ज्यादा स्थानों पर पंजीकृत पाए गए। निर्वाचन आयोग ने बताया कि लगभग 1.2 लाख मतदाताओं के गणना फार्म अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। आयोग ने बताया कि अब तक बिहार के 99.8 प्रतिशत मतदाता इस प्रक्रिया में शामिल हो चुके हैं।

■ 35 लाख मतदाता पलायन कर गए या पता नही लगा : निर्वाचन आयोग

## सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा : सीजेआई

भाषा ▸▸| अमरावती (महाराष्ट्र)

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) बी आर गवई ने शुक्रवार को कहा कि वह सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। वह महाराष्ट्र के अमरावती जिले में अपने पैतृक गांव दारापुर में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा kf मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा...सेवानिवृत्ति के बाद मुझे अधिक समय मिलेगा, इसलिए मैं दारापुर, अमरावती और नागपुर में अधिक समय बिताने का प्रयास करूंगा।''

### नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे

न्यायमूर्ति गवई इस वर्ष नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे। इससे पहले दिन में, गांव में पहुंचने पर लोगों की भारी भीड़ ने प्रधान न्यायाधीश का स्वागत किया। उन्होंने अपने पिता, केरल और बिहार के पूर्व राज्यपाल आर एस गवई के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।गवई ने दारापुर के रास्ते पर बनने वाले भव्य द्वार की आधारशिला भी रखी, जिसका नाम आरएस गवई के नाम पर रखा जाएगा।






## चिंतन

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालते में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं। कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।



# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी

**विश्लेषण**
उमेश चतुर्वेदी

एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं हैं, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता



हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बबड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कारगिल युद्ध विशेष




डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान

# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज मुशर्रफ कर रहे थे।


भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

भारत की जीत को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य, और अद्वितीय साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है। कारगिल युद्ध भारत की सीमाओं की रक्षा में नतमस्तक हो जाने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा है यह इतिहास का हिस्सा नहीं, भारत की आत्मा का हिस्सा है।

(लेखक द्वय जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के शैक्षणिक प्रमुख तथा सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल

स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र



### कानून मंत्री का बयान सही

देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### इलेक्शन चोरी

हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### व्यापार समझौता

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



## करंट अफेयर

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है। इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, ''आज सबसे जरूरी बात यह है कि गाजा में युद्ध रुके और आम नागरिकों की जान बचे।'' गाजा में युद्ध और मानवीय संकट बढ़ने के कारण अधिकतर देशों के कई सांकेतिक कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने वाले रहे हैं। फ्रांस अब फलस्तीन को मान्यता देने वाली सबसे बड़ी पश्चिमी शक्ति बन गया है और उसका यह कदम अन्य देशों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्ष 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी कब्जा किए गए इन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे हैं।



## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?

द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया: क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं। आज की बात करें तो, एक और भी परिवर्तनकारी तकनीकी बदलाव हो रहा है। चैटजीपीटी जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) जनित सामग्री के सामने आने के साथ, इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल स्मृति का ही आउटसोर्सिंग नहीं कर रहे हैं – बल्कि वे सोच का भी आउटसोर्सिंग कर रहे हैं। एआई जनित सामग्री तैयार करने वाले सॉफ्टवेयर केवल जानकारी प्रेषित नहीं करते बल्कि उसे सृजित भी कर सकते हैं, उसका विश्लेषण भी कर सकते हैं और उसका सारांश भी तैयार कर सकते हैं। यह एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### बॉक्सिंग में आज सेमीफाइनल व कल फाइनल मुकाबलों में दम दिखाएंगे खिलाड़ी

### हिसार के लोकेश ने जींद को हिमांशु को पराजित करके सेमीफाइनल में जगह बनाई

# तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में खिलाड़ियों ने जमकर चलाए पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

नजदीकी गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में चल रही तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जमकर पंच चलाए। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूर्व मेयर गौतम सरदाना मुख्य अतिथि रहे। गौतम सरदाना ने कहा कि बॉक्सिंग सिर्फ एक खेल नहीं, ये संघर्ष, आत्मविश्वास और अनुशासन की मिसाल है। हर पंच में साहस होता है और हर हार में सीख। बॉक्सर की जिंदगी हमें सिखाती है कि गिरकर भी कैसे उठना है और फिर से डटकर लड़ना है। यही असली जीत की पहचान है।




हिसार। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पंच लड़ाते खिलाड़ी व विजेता घोषित करते कोच।

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस मौके पर हिसार बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रधान भगत सिंह, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कंपीटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, उपप्रधान एडवोकेट मनोज कुश, उपप्रधान सुभाष, ऑर्गनाइजर विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

#### खेलने के काबिल बच्चों की मदद करेः पान्नू

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव रविन्द्र पान्नू ने हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के प्रधान मीनू बेनीवाल की जमकर तारीफ की और कहा कि आज के दिन हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है।*

#### जीतने वाले सभी खिलाड़ी पदक के हकदार

आयोजकों ने कहा कि शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में जीतने वाले सभी खिलाड़ी मेडल के हकदार हैं। खिलाड़ियों की बाउट देखने लायक थी। एक पंच के बाद एक पंच ने दर्शकों में काफी जोश भरा और अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की।

#### युवा बॉक्सर कर रहे प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शनः मेजर सत्यपाल



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेयर सत्यपाल सिंधु ने थर्ड सब जूनियर गर्ल्स एंड बॉयज राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के प्रबंधों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों तथा कोचों के रहने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की उचित डाइट का भी बढ़िया प्रबंध किया गया है। चैंपियनशिप में भाग ले रहे युवा बॉक्सर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करके देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों की पौध तैयार करने में भरपूर मदद करते रहेंगे।

#### ये रहे प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के परिणाम

*30-33 किलोग्राम भारवर्ग में पानीपत के तनिश ने मेवात के रिकी को 3-2 से, सोनीपत के वंश ने साई भिवानी के बॉक्सर हरिओम को वॉक ओवर किया। इसी प्रकार हिसार ए के लोकेश ने जींद के हिमांशु को 5-0 से, करनाल के बॉक्सर अनूज ने अंबाला के कृष्णा को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी प्रकार 33-35 किलोग्राम भारवर्ग में पलवल के विराट ने साई हिसार के प्रणव को 4-0 से, भिवानी के नेतिक ने हिसार ए के अंश सिहाग को 4-1 से, सोनीपत के श्रयांश ने रोहतक के केशव को 5-0 से, अंबाला के युद्धवीर ने महेंद्रगढ़ के भविष्य यादव को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। 35-37 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत के आयुष स्वामी ने साई हिसार के निखिल को वॉक ओवर किया। पानीपत के शुभम ने करनाल के रघुवंश को 3-2 से, फतेहाबाद के रोहन ने कैथल के रणदीप को 6-0 से हराया। 37-40 किलोग्राम भारवर्ग में भिवानी के हरशिल ने रोहतक के दक्ष पंवार को 3-2 से, मेवात के वंश ने कैथल के वंश तंवर को 5-0 से और साई हिसार के दीपांशु ने यमुनानगर के कुनाल को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पानू ने बताया कि लड़कियों के मुकाबले में 30-33 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत की अक्षिता ने हिसार ए की काफी को 4-1 से, जींद की नेहा ने यमुनानगर की वैशणवी को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। 37-40 किलोग्राम भारवर्ग में रेवाड़ी की गुंजन ने यमुनानगर की मुस्कान को 5-0 से हराया। कैथल की अंतिम ने गुरुग्राम की तनवी को 5-0 से हराया। वहीं, 40-43 किलोग्राम भारवर्ग में रोहतक की कनिका ने हिसार ए की हंशिका को 5-0 से, पानीपत की हिमानी ने महेंद्रगढ़ की निहारिका को 5-0 से, भिवानी की सोनिका ने कुरुक्षेत्र की पायल को 5-0 से, साई हिसार की श्रृष्टि ने गुरुग्राम की सिया को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।*

## चौथा टेस्ट: जो रूट ने 150 रन बनाए, भारत पर बनाया दबाव

# भारत से 186 रन आगे इंग्लैंड, तीसरे दिन स्कोर 544/7, स्टोक्स नाबाद लौटे

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

जो रूट (150) के 38वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 544 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। भारत की पहली पारी 358 रन पर सिमटी थी जिससे इंग्लैंड की कुल बढ़त अब 186 रन की हो गयी और उसके तीन विकेट शेष है। स्टंप्स के समय इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 77 रन पर खेल रहे थे जबकि लियाम डॉसन 21 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। रूट ने अपनी इस यादगार पारी के दौरान ओली पोप (71) के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 और बेन स्टोक्स के साथ 142 रन की साझेदारी की। रूट ने अपनी 248 गेंद की शानदार पारी के दौरान 14 चौके लगाने के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। वह 120 के व्यक्तिगत स्कोर पर पहुंचते ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13378) को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गये। अपना 157वां टेस्ट खेल रहे 34 साल के रूट ने दिन के पहले सत्र में सबसे ज्यादा टेस्ट रन के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ (13288) और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान हरफनमौला जैक कैलिस (13289) को पीछे छोड़ा।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी:** रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। रूट ने जैसे ही 120 रन पूरे किए, वो रिकी पॉन्टिंग, राहुल द्रविड़ और जैक कैलिस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 13379 रन पर पहुंचते ही ये मुकाम हासिल किया।



#### रूट ने तोड़ा ब्रैडमैन का रिकॉर्ड

मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार इंग्लैंड ने अपनी पारी 225 रन के स्कोर से आगे शुरू की। दूसरे दिन के खेल के बाद रूट नाबाद लौटे थे और उन्होंने यहीं से आगे खेलना शुरू किया। पहले सेशन में ही रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर दूसरे सेशन में इस फिफ्टी को यादगार शतक में तब्दील कर दिया। इस तरह रूट ने टेस्ट सीरीज में अपना दूसरा शतक जमा दिया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान रूट ने डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा और साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया।




### शतरंज की दुनिया में भारत के लिए ऐतिहासिक पल

**बातुमी (जॉर्जिया)।** स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी, जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

■ **महिला विश्व कप की ट्रॉफी पहली बार देश में आएगी**

## स्विट्जरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित, नागल-युकी की वापसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की दो साल के अंतराल तो वहीं युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की पिछले दो मुकाबलों से बाहर रहने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने स्विट्जरलैंड की मेजबानी में होने वाले मैच के लिए आठ सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारत 12 सितंबर से इंडोर कोर्ट पर खेले जाने वाले विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले के लिए बील शहर की यात्रा करेगा।

#### इन खिलाड़ी को मौका

नागल (विश्व रैंक 306) के अलावा करण सिंह (403) और युवा आर्यन शाह (442) को एकल खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शशिकुमार मुकुंद (463) और प्रतिभावान दक्षिणेश्वर सुरेश (790) इस मुकाबले के लिए रिजर्व (वैकल्पिक) एकल खिलाड़ी होंगे। शीर्ष रैंक वाले भारतीय युकी (विश्व रैंक 35) और एन श्रीराम बालाजी (75) युगल खिलाड़ी के रूप में टीम में चुने गए हैं, जिसमें ऋत्विक बोलिपल्ली (77) रिजर्व खिलाड़ी होंगे। नागल का खेल धीमी कोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है।

## विश्व विश्वविद्यालय खेलः परनीत-दलाल ने मिश्रित कंपाउंड में जीता स्वर्ण पदक



**राइन-रूहर (जर्मनी)।** भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते। इन दोनों तीरंदाजों को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि दलाल को पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत ने महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में 157-154 से जीत हासिल की।

**देव मीणा ने फाइनल में बनाई जगहः बोचुम (जर्मनी)।** देव कुमार मीणा ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में 5.40 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस 20 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एक क्वालिफिकेशन चरण में पांचवां और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया।

## 17 वर्षीय उन्नति नहीं रख पाई लय बरकरार, टूर्नामेंट से हुई बाहर



**चांग्झू (चीन)।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

### तन्वी-वेन्नाला ने बनाई सेफा में जगह

**मसोलो (इंडोनेशिया)।** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोतला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने महिला एकल में अपना दबदबा कायम रखते हुए इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त थालिता रमधानी विरयावान को 35 मिनट के मुकाबले में 21-19, 21-14 से हराया। तन्वी पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही हैं और अब तक अपने सभी मैच सीधे गेम में जीते हैं।


## अमरनाथ यात्रा विशेष रेलगाड़ी

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा **अमरनाथ यात्रा–2025** के अवसर पर **निम्नलिखित अमरनाथ यात्रा स्पेशल रेलगाड़ी** का संचालन किया जाएगा:–

**01707/01708 जबलपुर - श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा - जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01707 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01707 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01708 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01708 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 05:25 | जबलपुर | 09:35 | -- |
| 18:00 | -- | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:15 |

**चलने की तिथि : 01707 जबलपुर** से दिनांक **04.08.2025 एवं11.8.2025 (सोमवार)** को एवं **01708** श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक **05.08.2025 एवं 12.08.2025 (मंगलवार)** को।

**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**ठहराव:** कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, मुरैना, आगरा कैंट, मथुरा जं., अलवर जं., रेवाडी जं., झज्जर, रोहतक जं., जाखल जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जालंधर कैंट., पठानकोट कैंट एवं जम्मूतवी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2269/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जीन्द | दो छात्रावासों (ब्वॉयज और गर्ल्स) में लगभग 300 विद्यार्थियों के लिए सीआरएसयू विद्यार्थियों के मेस का संचालन करना। | बंद होने की तिथि 29.07.2025 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01681-241004 registrar@crsu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/37002/I/88/6 दि. 25.07.25



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा कुताना, रोहतक में एक वर्ष हेतु 3 एमएलडी कॉमन एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का प्रचालन और रखरखाव। | 28.07.2025 06.08.2025 | 69.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | प्लॉट नं. 218, एमएस कुबोता प्रा. लि. से अटल पार्क, सेक्टर-58, फरीदाबाद (एचएसवीपी से एचएसआईआईडीसी को हस्तांतरित औद्योगिक सेक्टर) तक सुपर सकर मशीन द्वारा 1000 मिमी से 1200 मिमी डाया की मास्टर सीवरलाइंस की गाद निकालना। | 29.07.2025 04.08.2025 | 22.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | एसआईआईडी स्कीम के तहत एचएसआईआईडीसी, आईई नरवाना में बकाया रोड की अपग्रेडेशन का कार्य। | 25.07.2025 11.08.2025 | 133.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416139509 ia.narwana@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/60/37007/I/88/6 दि. 25.07.25



## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

### उत्तर रेलवे द्वारा हरियाणा सीईटी परीक्षा–2025 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा हरियाणा सीईटी परीक्षा–2025 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए दिनांक 26.07.2025 और 27.07.2025 को निम्नलिखित परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएँगी:–

**04502 चंडीगढ़ – सहारनपुर एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04502 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 13:15 |
| अंबाला कैंट | 14:00 | 14:05 |
| बराड़ा | 14:30 | 14:32 |
| यमुनानगर जगाधरी | 14:50 | 14:52 |
| सहारनपुर | 15:25 | --- |

चलने के दिन : 04502 चंडीगढ़ से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04510 चंडीगढ़ – सहारनपुर एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04510 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 19:15 |
| अंबाला कैंट | 20:00 | 20:05 |
| बराड़ा | 20:30 | 20:32 |
| यमुनानगर जगाधरी | 20:52 | 20:54 |
| सहारनपुर | 21:30 | --- |

चलने के दिन : 04510 चंडीगढ़ से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04504/04503 चंडीगढ़ – सोनीपत – चंडीगढ़ परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)**

| गाड़ी सं. 04504 आगमन | गाड़ी सं. 04504 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04503 आगमन | गाड़ी सं. 04503 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:00 | चंडीगढ़ | 06:50 | --- |
| 19:40 | 19:45 | अंबाला कैंट | 06:00 | 06:05 |
| 20:02 | 20:04 | शाहाबाद मारकंडा | 05:16 | 05:18 |
| 20:21 | 20:23 | कुरुक्षेत्र जं. | 04:58 | 05:00 |
| 21:02 | 21:04 | करनाल | 04:32 | 04:34 |
| 21:44 | 21:46 | पानीपत | 04:03 | 04:05 |
| 22:10 | 22:12 | समालखा | 03:42 | 03:44 |
| 22:24 | 22:26 | गन्नौर | 03:29 | 03:31 |
| 22:50 | --- | सोनीपत | --- | 03:15 |

चलने के दिन : 04504 चंडीगढ़ से 26.07.2025 तथा 04503 सोनीपत से 27.07.2025 को

**04508 चंडीगढ़ – सोनीपत परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04508 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 19:00 |
| अंबाला कैंट | 19:40 | 19:45 |
| शाहाबाद मारकंडा | 20:02 | 20:04 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 20:21 | 20:23 |
| करनाल | 21:02 | 21:04 |
| पानीपत | 21:44 | 21:46 |
| समालखा | 22:10 | 22:12 |
| गन्नौर | 22:24 | 22:26 |
| सोनीपत | 22:50 | --- |

चलने के दिन : 04508 चंडीगढ़ से 27.07.2025 को

**04401 दिल्ली जं. – सिरसा एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04401 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली जं. | --- | 01:00 |
| गुड़गांव | 01:45 | 01:47 |
| रेवाड़ी | 03:45 | 04:25 |
| चरखी दादरी | 05:13 | 05:15 |
| भिवानी | 05:40 | 05:45 |
| हिसार | 06:55 | 07:00 |
| मण्डी आदमपुर | 07:25 | 07:27 |
| सिरसा | 08:40 | --- |

चलने के दिन : 04401 दिल्ली जं. से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04403 दिल्ली जं. – चंडीगढ़ एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04403 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली जं. | --- | 03:10 |
| पानीपत | 04:15 | 04:20 |
| करनाल | 04:45 | 04:47 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 05:10 | 05:12 |
| अंबाला कैंट | 06:25 | 06:35 |
| चंडीगढ़ | 07:20 | --- |

चलने के दिन : 04403 दिल्ली जं. से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04506 चंडीगढ़ – करनाल एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04506 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | --- | 13:30 |
| अंबाला कैंट | 14:15 | 14:20 |
| शाहाबाद मारकंडा | 14:36 | 14:38 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 14:55 | 14:57 |
| करनाल | 15:35 | --- |

चलने के दिन : 04506 चंडीगढ़ से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04405 जींद – चंडीगढ़ एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04405 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| जींद | --- | 03:00 |
| रोहतक | 04:40 | 04:45 |
| गोहाना | 05:20 | 05:22 |
| पानीपत | 06:10 | 06:20 |
| करनाल | 06:55 | 07:25 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 07:50 | 08:05 |
| अंबाला कैंट | 09:05 | 09:10 |
| चंडीगढ़ | 09:50 | --- |

चलने के दिन : 04405 जींद से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

**04408 रोहतक – रेवाड़ी एकतरफा परीक्षा विशेष रेलगाड़ी (अनारक्षित)** — 02 फेरे

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04408 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| रोहतक | --- | 06:30 |
| अस्थल बोहर | 06:40 | 06:42 |
| डीघल | 06:58 | 07:00 |
| झज्जर | 07:15 | 07:17 |
| रेवाड़ी | 08:30 | --- |

चलने के दिन : 04408 रोहतक से 26.07.2025 एवं 27.07.2025 को

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2284/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कारगिल विजय दिवस : सेना ने ड्रोन शो से प्रौद्योगिकी विकास की झलक दिखाई

भाषा ▶▶ द्रास (लद्दाख)

सेना ने शुक्रवार को 26वें कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर यहां ड्रोन शो का आयोजन किया। इसमें पाकिस्तान के साथ 1999 में हुए युद्ध के बाद से सीमा सुरक्षा में हुई तकनीकी प्रगति को रेखांकित किया गया।

कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने 26 साल पहले कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ड्रोन दर्शकों के ऊपर से उड़े और निगरानी, आपूर्ति और दुश्मन को निशाना बनाने सहित अपनी विभिन्न क्षमताओं का प्रदर्शन किया। मानवरहित विमानों में सामरिक ड्रोन भी शामिल हैं जिन्हें लगभग 4,000 मीटर की ऊंचाई पर संचालित किया जा सकता है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसे देश में ही विकसित किया गया है। ड्रोन शो में रोबोटिक कुत्ते शामिल थे, जिनका उपयोग कठिन इलाकों में गोला-बारूद जैसे सामान ले जाने के साथ-साथ नियंत्रण रेखा पर गश्त के लिए भी किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि कारगिल युद्ध के बाद से सेना में शामिल किए गए ड्रोन और अन्य प्रौद्योगिकियां निगरानी की प्रभावशीलता बढ़ाने और दूरदराज के क्षेत्रों में रसद पहुंचाने में मदद करेंगी।

## कारगिल युद्ध के नायक का बेटा सेना में हुआ शामिल मां बोली- स्वार्थी नहीं हो सकती, राष्ट्र पहले है

**लामोचेन (कारगिल) (भाषा)।** वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान सिर्फ 20 साल की उम्र में अपने पति को खो देने वालीं विनोद कंवर ने इस असहनीय दुख के बावजूद अपने इकलौते बेटे को भारतीय सेना में जाने से नहीं रोका। कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने के मौके पर शहीदों के परिवारों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में आईं कंवर ने कहा कि हमें पहले राष्ट्र के बारे में सोचना होगा और उसकी रक्षा करनी होगी। हम स्वार्थी नहीं हो सकते।" कंवर की उम्र अब 46 साल है। उनके पुत्र तेजवीर सिंह राठौर की उम्र एक साल भी नहीं थी जब उनके पति नायक भंवर सिंह राठौर शहीद हुए थे।

# थाईलैंड ने कंबोडिया के खिलाफ 'ऑपरेशन युथा बोडिन' लॉन्च

बैंकॉक। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध भयानक होता जा रहा है। थाईलैंड की सेना ने अब कंबोडिया के खिलाफ 'ऑपरेशन युथा बोडिन' लॉन्च करने का ऐलान किया है। थाई सेना ने कहा है कि वो 'पवित्र भूमि के लिए युद्ध' शुरू कर रही है। थाईलैंड की सेना ने ऑपरेशन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा है कि उसका मकसद थाई भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को कुचलने की है। कंबोडिया की सेना पर हमला करते हुए थाई सेना ने 'युथा बोडिन' नाम से जबरदस्त जमीनी व हवाई हमला शुरू किए।

## भारतीय दूतावास ने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया

*थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उनसे थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर जारी हिंसा के बीच सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की अपील की है। वे 'टीएटी न्यूजरूम' समेत थाईलैंड के आधिकारिक सूत्रों से नवीनतम जानकारी प्राप्त करें।*

# ओडिशा में दो भाइयों ने नाबालिग से गैंगरेप किया

**भुवनेश्वर(एजेंसी)।** ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में दो भाइयों ने 15 साल की नाबालिग के साथ गैंगरेप किया। जब 5 महीने की प्रेग्नेंट हो गई, तो आरोपियों ने उसे जिंदा दफनाने की कोशिश की। वे पिछले एक साल से नाबालिग के साथ रेप कर रहे थे। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान भाग्यधर दास और पंचानन दास के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 60 व 55 साल है। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।मामले में तीसरा संदिग्ध, तुलु अभी लापता है। उसकी तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी भाई एक मठ (आश्रम) में काम करते थे, जहां नाबालिग अक्सर जाती थी।

■ जिंदा दफनाने की कोशिश की

# 18 मिनट हवा में रहने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग | आसमान में खुला एयर इंडिया का कार्गो गेट, मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान में जयपुर एयरपोर्ट से शुक्रवार को एक एयर इंडिया फ्लाइट ने उड़ान भरी थी। इसके बाद पायलट को प्लेन का कार्गो गेट खुला रह जाने की जानकारी मिली, जिसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी।

करीब 18 मिनट हवा में रहने के बाद फ्लाइट की एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। फ्लाइट के इंजन में भी कुछ तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-612 शुक्रवार दोपहर जयपुर से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। करीब 18 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट में तकनीकी खराबी का पता चला। साथ ही कार्गो गेट भी खुले होने की जानकारी मिली है। माना जाता है कि इसे उड़ान के दौरान काफी खतरनाक माना जाता है। इसके बाद पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मैसेज भेजा। अनुमति मिलने के बाद दोपहर 2:16 बजे फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई।

## सभी यात्री सुरक्षित

जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम फ्लाइट की जांच कर रही है। अभी तक की जांच में किसी तरह की खराबी को लेकर किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं इस घटना को लेकर अभी तक एयर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बोले-जनरल अनिल चौहान

# ऑपरेशन सिंदूर जारी है...शस्त्र और शास्त्र में पारंगत हों सेना के रणबांकुरें: सीडीएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर बने हुए तनाव के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया। जिसमें उन्होंने सेनाओं से अपनी सैन्य और रणनीतिक तैयारी को चौबीसों घंटे व 365 दिन आला दर्जे का बनाए रखने का आह्वान किया और भारत के दुश्मनों को भी दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्हें किसी मुगालते में रहने की आवश्यकता नहीं है। यह अभियान अभी भी जस का तस जारी है। उन्होंने सेना को किसी भी परिस्थिति में जीत का गुरुमंत्र देते हुए कहा कि सैनिकों को 'शस्त्र (युद्ध कौशल) और शास्त्र (ज्ञान)' दोनों का ज्ञान होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर आज के एक योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तर पर एक मंझा हुआ खिलाड़ी (दक्ष) होना चाहिए। यह जानकारी सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने राजधानी के सुब्रतो पार्क में आयोजित की गई एक सैन्य संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दी। जिसे नंबर 4 वॉरफेयर एंड एयरोस्पेस स्ट्रेटेजी प्रोग्राम के तत्वावधान में 'एयरोस्पेस पावरः प्रिजर्विंग इंडियाज सोविरेनिटी एंड फरदरिंग नेशनल इंटरेस्ट' विषय पर आयोजित किया गया था।




## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखाया कि 50 से कम हथियार शत्रु को वार्ता की मेज पर ला सकते हैं: वायुसेना उपप्रमुख

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह दिखा दिया है कि कैसे 50 से भी कम हथियारों से दुश्मन को बातचीत की मेज पर लाया जा सकता है। उन्होंने इसे एक ऐसा उदाहरण बताया जिसका अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह बात विचारक संस्था 'सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज' (सीएपीएस) और 'कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन के संवाद सत्र के दौरान कही। तिवारी ने कहा, "हमने लाभ-हानि, खासकर हवाई शक्ति के बारे में काफी चर्चा की। मुझे लगता है कि इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं है... जैसा हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' में किया।" उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह दिखा दिया है कि कैसे 50 से भी कम हथियारों से दुश्मन को बातचीत की मेज पर लाया जा सकता है। वायु सेना उप प्रमुख ने सम्मेलन के पहले सत्र के दौरान कहा, "मुझे लगता है कि यह एक ऐसा उदाहरण है जिसका अध्ययन किया जाना चाहिए, और मुझे यकीन है कि बाद में इसका अध्ययन किया जाएगा।" एयर मार्शल तिवारी ने यह टिप्पणी दर्शकों के बीच बैठकर की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी शामिल हुए, जिसमें भारतीय वायुसेना के कई पूर्व प्रमुख और विदेशों के कुछ रक्षा अधिकारी भी मौजूद थे।

## पारंपरिक, डिजिटल युद्ध पर दिया जोर

सीडीएस ने कहा कि पारंपरिक और डिजिटल युद्ध मौजूदा समय में आपस में एक-दूसरे में समाहित नजर आ रहे हैं। जिसका नतीजा ये है कि पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध कृत्रिम मेधा (एआई) और साइबर आधारित युद्ध से जुड़ी तीसरी पीढ़ी में सम्मिलित हो चुके हैं। आगामी वक्त में यानी भविष्य में हमें हाइब्रिड युद्ध कौशल की आवश्यकता पड़ेगी। यह एक ऐसा युद्ध कौशल है, जिसमें सीमा पर लड़ाई लड़ी जा सके, रेगिस्तान में रणनीति बनाई जा सके, शहरों में आपातकाल रोधी अभियान चला सकें और ड्रोन हमले में उन्हें निष्क्रिय करने के साथ-साथ साइबर हमलों से भी निपट सकें। इस व्यापक दृष्टिकोण के मद्देनजर आज के युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गए हैं। जबकि पारदर्शी, तीव्र, बहुक्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गए हैं।

## दिव्यांगता से पीड़ित बेघर लोगों का पुनर्वास संवेदनशील मुद्दा : सुको

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मानसिक सामाजिक दिव्यांगता से पीड़ित बेघर व्यक्तियों का पुनर्वास एक संवेदनशील मुद्दा है और उन्होंने केंद्र को इसे "बेहद गंभीरता" से लेने का निर्देश दिया। केंद्र ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को सूचित किया कि प्राधिकारी इस मामले पर पहले से ही विचार-विमर्श कर रहे हैं और बैठकें चल रही हैं। सरकारी वकील ने अदालत को अब तक हुई प्रगति से अवगत कराने के लिए आठ सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। आपको इसे बहुत गंभीरता से लेना होगा और जितना संभव हो सके कम समय में लेना होगा।' शीर्ष अदालत अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मानसिक सामाजिक दिव्यांगता से पीड़ित बेघर लोगों के लिए एक नीति बनाने और उसे लागू करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। शीर्ष अदालत ने अप्रैल में इस याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था। मानसिक सामाजिक दिव्यांगता से तात्पर्य उन चुनौतियों से है, जिनका सामना मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त लोग भेदभाव, समर्थन की कमी आदि के कारण करते हैं।

## अब पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विपक्ष द्वारा संसद से लेकर सड़क तक विरोध किया जा रहा है। भारी विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि देशभर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम अब शुरू करने का फैसला किया गया है और जल्द ही इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने बीती 24 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था और कहा था कि संवैधानिक कर्तव्य के तहत और मतदाता सूची की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम किया जाएगा। अब चुनाव आयोग ने उसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मतदाता सूची की अखंडता को बनाए रखना निष्पक्ष और मुक्त चुनाव के लिए आधारभूत जरूरत है।

■ *विरोध के बावजूद चुनाव आयोग का ऐलान , जल्द जारी हो सकता है शेड्यूल*

# सीपीएम गाजा और इजराइल के मुद्दे छोड़कर भारत के मसलों पर ध्यान दें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गाजा में इजराइल की ओर से किए जा रहे कथित नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन की अनुमति के लिए वामपंथी दल सीपीएम ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने प्रदर्शन की अनुमति तो नहीं दी, लेकिन यह नसीहत जरूर दी कि हजारों मील दूर के किसी मसले की बजाय भारत के किसी मुद्दे पर ध्यान दे। सीपीएम की मांग थी कि उसे आजाद मैदान पर प्रदर्शन की अनुमति दी जाए, जिससे मुंबई पुलिस ने इनकार कर दिया है। जस्टिस रविंद्र घुगे और गौतम

### नरसंहार के खिलाफ मांगी थी प्रदर्शन की अनुमति, हाईकोर्ट की नसीहत

अखंड की बेंच ने अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि आपको ऐसे मसलों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका भारत पर असर होता हो। बेंच ने कहा कि हमारे ही देश में तमाम मुद्दे हैं। हम ऐसा कुछ नहीं कहना चाहते हैं। मैं माफी चाहूंगा, लेकिन यह सही है कि आप लोगों की दूरदृष्टि नहीं है। आप लोग गाजा के मुद्दों को देख पा रहे हैं। फिलिस्तीन की चर्चा कर रहे हैं। अपने ही देश में देखिए। देशभक्त बनें। यह देशभक्ति नहीं है।

## दोस्ती का अर्थ नहीं कि यौन संबंध का अधिकार मिल गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने युवक की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिर्फ दोस्ती होने कारण किसी पुरुष को लड़की की सहमति के बिना यौन संबंध बनाने का अधिकार नहीं मिल जाता है। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ ने लड़की के साथ सहमति से संबंध बनाने के पुरुष के दावे को खारिज कर दिया कि नाबालिग के मामले में सहमति भी वैध नहीं है। पीड़िता ने एफआईआर में आरोप लगाया है। विरोध के बावजूद संबंध बनाए। आरोपित की ओर से बार-बार यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आरोपित की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार के लिए 2000 करोड़ का किया एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



यह रडार सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडारों की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 2,000 करोड़ रुपए के एक अनुबंध (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह अनुबंध खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस अनुबंध पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान किया गया। कम से कम 70 प्रतिशत स्वदेशी कंटेंट से युक्त ये अग्नि नियंत्रण रडार लड़ाकू विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों और दुश्मन के ड्रोन सहित सभी प्रकार के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम होंगे। यह वायु रक्षा रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और भारतीय सेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा। राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। यह खरीद, कंपोनेंट के विनिर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के माध्यम से भारतीय एमएसएमई को प्रोत्साहित करके स्वदेशी रक्षा उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत ने सीओपी-33 के लिए समिति गठित की

**नई दिल्ली (भाषा)।** पर्यावरण मंत्रालय ने 2028 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के लिए पेशेवर और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के के सिलसिले में समर्पित सीओपी-33 प्रकोष्ठ बनाया है। भारत ने 2028 के जलवायु शिखर सम्मेलन की मेजबानी का प्रस्ताव पेश किया है। 15 जुलाई को जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि सीओपी-33 प्रकोष्ठ मंत्रालय के जलवायु परिवर्तन प्रभाग के अंतर्गत कार्य करेगा। इस प्रकोष्ठ का नेतृत्व संयुक्त सचिव (जलवायु परिवर्तन) करेंगे और सलाहकारों एवं सहायक कर्मचारियों समेत विभिन्न स्तरों के अधिकारी इसमें शामिल होंगे। दुबई में सीओपी-28 में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीओपी-33 के लिए भारत की मेजबानी का प्रस्ताव दिया था। यूएनएफसीसी (यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज) भारत के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे।

## अहमदाबाद विमान हादसा

# एफएफए बोला- फ्यूल कंट्रोल में नहीं मिली कोई भी खराबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। एफएए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले महीने एअर इंडिया बोइंग 787 जेट की घातक दुर्घटना किसी यांत्रिक समस्या या ईंधन नियंत्रण इकाई या स्विच की असावधानी से हुई दुर्घटना के कारण नहीं हुई थी। एफएए के प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने कहा कि हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यह बोइंग ईंधन नियंत्रण इकाई में कोई यांत्रिक समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि एफएए के कर्मचारियों ने इन इकाइयों को बाहर निकाला, उनका परीक्षण किया और निरीक्षकों को विमान में बुलाकर उनकी समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आगे बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार, किसी भी प्रकार की कोई समस्या ईंधन नियंत्रण में गड़बड़ी की नहीं मिली है। हालांकि, इस मामले में अभी बोइंग और एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें, हाल के दिनों में केंद्र सरकार के आदेश के बाद एअर इंडिया ने सभी 787 और 737 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है।






## हाईकोर्ट ने शहीदों से संबंधित विवाद पर दिया अहम फैसला

# सैनिक को साथी ने गोली मार दी हो तो भी वह लाभ का पात्र

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा-उसे वंचित नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है.तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता।



### पेंशन देने का दिया निर्देश

जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की पीठ ने 16 जुलाई को दावा के लिए आवेदन करने में देरी सहित कई आधारों पर देवी को पेंशन देने से इनकार करने की केंद्र की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है तो उसे किसी भी तरह से उन लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता जो उन सैनिकों को मिलते हैं।

### रक्षा मंत्रालय उसे उदारीकृत पेंशन दे

अदालत इस दलील से भी संतुष्ट नहीं हुई कि आवेदन दाखिल करने में देरी हुई क्योंकि पेंशन, जिसका हकदार राष्ट्र की सेवा करने वाला कर्मचारी हर महीने होता है, एक सतत कारण है। एएफटी ने रक्षा मंत्रालय को देवी के उदारीकृत पारिवारिक पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। उसे पेंशन दें।

### प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार हो

अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था और 21 अक्टूबर 1991 को एक साथी सैनिक द्वारा चलाई गई गोली के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25